रांची, मंगलवार, 10 फरवरी 2026


संवत 2082, फाल्गुन कृष्ण 9 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 150, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक


4 ▶▶ संसदीय गरिमा की लक्ष्मण रेखा लांघना चिंताजनक

आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म एक दिन में अरिजीत सिंह की आवाज ◀◀ 6


# सुप्रीम कोर्ट से नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह को जमानत, पत्नी को भी राहत

मेट्रो रेज



**रांची:** नेक्सजेन कंपनी के मालिक विनय सिंह और उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। देश की सर्वोच्च अदालत ने विनय सिंह को दो मामलों में नियमित जमानत प्रदान की है, जबकि उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह को तीन मामलों में किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई से राहत देते हुए नो कोएर्सिव स्टेटस यानी अंतरिम संरक्षण प्रदान किया गया है।

विनय सिंह को नियमित जमानतः सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान विनय सिंह के पक्ष को सुनने के बाद यह राहत दी। अदालत ने स्पष्ट किया कि जांच और कानूनी प्रक्रिया के दौरान आवश्यक शर्तों के पालन के साथ उन्हें जमानत का लाभ दिया जा रहा है। इससे पहले विनय सिंह के खिलाफ दर्ज मामलों को लेकर कानूनी कार्रवाई चल रही थी।

**स्निग्धा सिंह को अंतरिम संरक्षण :** वहीं, उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने तीन अलग-अलग मामलों में बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने उनके खिलाफ फिलहाल किसी भी प्रकार की गिरफ्तारी या कठोर कदम उठाने पर रोक लगाते हुए नो कोएर्सिव स्टेटस का आदेश दिया है। इसका अर्थ है कि अगली सुनवाई तक उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

**कानूनी प्रक्रिया जारी:** हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि मामले की कानूनी प्रक्रिया आगे जारी रहेगी और संबंधित पक्षों को जांच में सहयोग करना होगा। अगली सुनवाई की तारीख पर आगे की स्थिति स्पष्ट होगी।

कानूनी हलकों में चर्चाः इस फैसले के बाद कानूनी और कारोबारी हलकों में इस मामले को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। इसे विनय सिंह और स्निग्धा सिंह के लिए एक अहम कानूनी राहत माना जा रहा है।

## रातू से दो नाबालिग सगी बहनें रहस्यमय ढंग से लापता, परिजन परेशान



मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी में दो नाबालिग बहनों के लापता होने से हड़कंप

राजधानी रांची से बच्चों के लापता होने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला रातू थाना क्षेत्र के गोकुलधाम, चटकपुर, मिलन चौक का है, जहां से 8 फरवरी को दो सगी बहनें रहस्यमय तरीके से लापता हो गईं। घटना के बाद से इलाके में दहशत और चिंता का माहौल बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लापता बच्चियों की उम्र क्रमशः 16 वर्ष और 14 वर्ष बताई जा रही है। परिजनों ने बताया कि दोनों बहनें घर से दुकान जाने की बात कहकर निकली थीं, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटीं। काफी खोजबीन के बाद भी जब उनका कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजनों ने रातू थाना में इसकी सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। रातू थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और बच्चियों की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, वहीं रिश्तेदारों और परिचितों से भी पूछताछ की जा रही है।

दो नाबालिग बच्चियों के एक साथ लापता होने की खबर से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया है। परिजन बदहवास हैं और प्रशासन से जल्द से जल्द बच्चियों को सुरक्षित बरामद करने की मांग कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है और उम्मीद है कि जल्द ही दोनों बच्चियों का पता लगा लिया जाएगा।

## एक ही परिवार के पांच लोगों ने खाया जहर, मौत सामूहिक आत्महत्या से फैली सनसनी

घर के अंदर दीवार पर लिखा मिला 'अपनी इच्छा से आत्महत्या कर रहा हूं।'



**मथुरा/एजेंसीः** मथुरा के महावन क्षेत्र में एक ही परिवार के पांच लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

तहसील महावन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खप्पर पुर की ये घटना है। यहां के रहने वाले 35 वर्षीय किसान मनीष, उनकी पत्नी सीमा, दो बेटियां हनी और प्रियांशी और दो वर्षीय बेटे पंकज का शव मिला। आत्महत्या से पहले सुसाइड नोट भी लिखा गया। बताया गया है कि मनीष की शादी आठ साल पहले मड़नई सादाबाद से हुई थी। मनीष के दो भाई और हैं, जो गांव में ही अलग-अलग घरों में रहते हैं। मनीष अपनी पत्नी और बच्चों के साथ इस मकान में रहता था। इस परिवार के आत्महत्या के पीछे की आखिर वजह क्या रही, ये फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

घर के अंदर परिवार के सभी लोगों की लाशें मिलीं हैं। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार घर के अंदर दीवार पर लिखा है कि 'अपनी इच्छा से आत्महत्या कर रहा हूं।'

सबकुछ हो गया खत्म, रो पड़े सीमा के पिताः बेटी सीमा और दामाद मनीष के साथ मासूम धेवता और धेवती की मौत की खबर मिलते ही विजेन्द्र भी गांव पहुंच गए। विजेन्द्र ने बताया कि बेटी और दामाद से एक दिन पहले ही मिलने आए थे। उन लोगों से बात भी हुई थी। ऐसा कुछ हो जाएगा, इसका अंदाजा भी नहीं था। उन्होंने बताया कि किसी तरह की कोई समस्या तो नहीं थी, लेकिन कुछ समय से मनीष का अपने भाई बिल्लू से विवाद चला आ रहा था।




ट्रेड डील पर व्हाइट हाउस ने जारी की फैक्ट शीट

## टैरिफ कटौती और बाजार खोलने पर अमेरिका-भारत की सहमति

**नई दिल्ली/वॉशिंगटन :** व्हाइट हाउस ने मंगलवार (10 फरवरी) को अमेरिका-भारत ट्रेड डील को लेकर एक फैक्ट शीट जारी की है, जिसमें समझौते से जुड़ी अहम जानकारियां साझा की गई हैं। फैक्ट शीट के अनुसार, भारत से आने वाले सामान पर अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले रेसिप्रोकल टैरिफ को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ ही, रूसी तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ भी हटा लिया गया है।

अमेरिका और भारत के बीच एक नया व्यापार समझौता तय हुआ है, जिससे भारतीय बाजार में अमेरिकी उत्पादों की पहुंच बढ़ेगी। इस समझौते की घोषणा शुक्रवार को व्हाइट हाउस की ओर से जारी संयुक्त बयान में की गई थी।

समझौते के तहत भारत अमेरिकी औद्योगिक उत्पादों के साथ-साथ खाद्य और कृषि उत्पादों पर लगने वाले शुल्क को कम या पूरी तरह समाप्त करेगा। इनमें ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स, लाल ज्वार, सूखे मेवे, ताजे और प्रोसेस्ड फल, कुछ दालें, सोयाबीन तेल, शराब और अन्य उत्पाद शामिल हैं।

भारत ने अमेरिका से आयात बढ़ाने का भी वचन दिया है। इसके तहत भारत अमेरिका से 500 अरब डॉलर से अधिक के ऊर्जा, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, कृषि, कोयला और अन्य उत्पाद खरीदेगा।

इस समझौते से अमेरिकी कंपनियों को भारत के बड़े बाजार में नए अवसर मिलेंगे, जबकि भारत को अमेरिकी तकनीक, कृषि और ऊर्जा उत्पादों तक आसान पहुंच प्राप्त होगी। इसे दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसमें दोनों नेताओं ने अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति जताई और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

इस बातचीत के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत से आयात पर लगाए गए अतिरिक्त 25 प्रतिशत सीमा शुल्क को हटाने पर भी सहमति दी। व्हाइट हाउस के अनुसार, यह फैसला भारत की ओर से रूस से तेल खरीद बंद करने की प्रतिबद्धता के बाद लिया गया। इसके तहत राष्ट्रपति ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर उस अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क को समाप्त कर दिया।

## लोकपाल (मनरेगा) का कार्यकाल पूरा, आगे कार्य नहीं लेने का निर्देश

मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड सरकार के आयुक्त, महात्मा गांधी मनरेगा कार्यालय द्वारा राज्य के सभी जिलों में कार्यरत लोकपाल (मनरेगा) को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया गया है। जारी पत्र के अनुसार, जिन लोकपालों का निर्धारित अधिकतम कार्यकाल पूरा हो चुका है, उनसे अब आगे किसी भी प्रकार का कार्य नहीं लिया जाएगा।

महात्मा गांधी मनरेगा कार्यालय, झारखंड द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा लोकपाल के चयन एवं कार्यकाल से संबंधित जो दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं, उनके अनुसार लोकपाल का चयन पहली बार 02 वर्षों के लिए किया जाता है। इसके बाद एक-एक वर्ष के लिए अधिकतम 68 वर्ष की आयु या कुल 04 वर्ष (जो भी पहले हो) तक कार्यकाल का विस्तार किया जा सकता है। इस प्रकार लोकपाल का अधिकतम कार्यकाल चार वर्ष निर्धारित है।

कार्यालय द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि राज्य के कई जिलों में नियुक्त/प्रतिनियुक्त (अतिरिक्त प्रभार) लोकपालों का कार्यकाल अब चार वर्ष की सीमा को पार कर चुका है। ऐसे में नियमानुसार उनका कार्यकाल आगे नहीं बढ़ाया जा सकता।

आयुक्त, महात्मा गांधी मनरेगा द्वारा सभी जिला कार्यक्रम समन्वयकों, उप विकास आयुक्तों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अधिकतम कार्यकाल पूर्ण कर चुके लोकपालों से किसी भी प्रकार का कार्य नहीं लिया जाए। साथ ही संबंधित लोकपालों से सभी प्रकार के अभिलेख, दस्तावेज एवं लंबित मामलों की जानकारी प्राप्त कर कार्यालय में सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया है। इसके अतिरिक्त, पत्र में यह भी कहा गया है कि संबंधित लोकपालों के अनुमन्य लिखित बकाया के भुगतान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी प्रकार की प्रशासनिक बाधा उत्पन्न न हो। इस आदेश की प्रतिलिपि सभी संबंधित लोकपाल (मनरेगा), ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार तथा संबंधित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दी गई है।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, 30 घरों को आग लगाई सरकार ने पांच दिनों के लिए बंद किया इंटरनेट

**इंफालः** मणिपुर के उखरुल में हिंसा भड़क गई है। हिंसा के दौरान कई घरों को आग लगा दी गई और गोलियां भी चली। हालात को देखते हुए सरकार ने उखरुल में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी हैं। यह हिंसा उखरुल के तंगखुल नगा समुदाय के सदस्य पर कथित हमले के खिलाफ भड़की। हिंसा के दौरान करीब 30 खाली पड़े घरों को आग लगा दी गई और इस दौरान गोलियां भी चलीं। हालात को देखते हुए सरकार ने पांच दिनों के लिए इंटरनेट बंद करने का फैसला किया है।

## अमेरिका में चलती सड़क पर प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग, कई गाड़ियों से टकराया



**जॉर्जियाः** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में एक छोटा विमान आपात स्थिति में बीच सड़क पर उतर आया। सड़क पर लैंडिंग के बाद विमान कई वाहनों से टकरा गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के अनुसार, विमान में एयरपोर्ट तक पहुंचने के लिए पर्याप्त पावर नहीं बची थी, जिसके चलते पायलट को सड़क पर आपात लैंडिंग करनी पड़ी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि विमान व्यस्त सड़क पर उतरते ही कई गाड़ियों से टकरा जाता है। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं, हालांकि किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। टक्कर से फ्यूल टैंक हुआ क्षतिग्रस्तः पुलिस के मुताबिक, लैंडिंग के दौरान विमान का दाहिना पंख एक कार से टकरा गया, जिससे विमान का फ्यूल टैंक ढीला होकर एक एसयूवी के पिछले हिस्से से जा टकराया और वाहन के भीतर घुस गया। हादसे के बाद सुरक्षा कारणों से संबंधित सड़क को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया, जिससे यातायात प्रभावित रहा। लोगों को ट्रैफिक में देरी की चेतावनी भी जारी की गई। उड़ान के कुछ देर बाद आई तकनीकी खराबीः जानकारी के अनुसार, यह विमान गेन्सविले के ली गिल्मर मेमोरियल एयरपोर्ट से उड़ान भरकर कैंटन स्थित चेरोकी काउंटी रीजनल एयरपोर्ट जा रहा था। उड़ान के कुछ समय बाद पायलट को इंजन में तकनीकी समस्या महसूस हुई। इसके बाद पायलट ने गेन्सविले एयरपोर्ट की ओर वापस लौटने का प्रयास किया, लेकिन विमान की पावर कम होने के कारण सड़क पर आपात लैंडिंग करनी पड़ी।

# या तो नरवणे झूठ बोल रहे हैं या पेंगुइन..., राहुल गांधी ने पूर्व आर्मी चीफ का दिखाया 2023 का ट्वीट



**नई दिल्लीः** पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम। नरवणे (सेवानिवृत्त) की कथित अप्रकाशित किताब के सकुर्लेशन को लेकर दर्ज एफआईआर की जांच पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने इस मामले में जनरल नरवणे का एक पुराना सोशल मीडिया पोस्ट मीडिया के सामने रखते हुए सरकार और प्रकाशक की भूमिका पर सवाल खड़े किए।

राहुल गांधी ने कहा कि जनरल नरवणे के एक पुराने पोस्ट में उन्होंने स्वयं लिखा था कि उनकी किताब उपलब्ध है और उसे खरीदने के लिए लिंक भी साझा किया गया था। ऐसे में यह दावा समझ से परे है कि किताब प्रकाशित ही नहीं हुई।

या तो नरवणे गलत हैं या प्रकाशक : राहुल गांधी ने कहा, या तो जनरल नरवणे झूठ बोल रहे हैं या फिर प्रकाशक गलत बयान दे रहा है। मुझे नहीं लगता कि देश के पूर्व आर्मी चीफ झूठ बोलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रकाशक का दावा है कि किताब प्रकाशित नहीं हुई, जबकि वह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध बताई जा रही है। कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया कि यदि किताब सार्वजनिक मंच पर उपलब्ध थी और इसके प्रचार से जुड़े पोस्ट मौजूद हैं, तो फिर एफआईआर दर्ज करने की आवश्यकता क्यों पड़ी।

सरकार के लिए असहज सच होने का आरोपः राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि जनरल नरवणे की किताब में संभवतः ऐसी बातें लिखी गई हैं, जो भारत सरकार और प्रधानमंत्री के लिए असहज हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि इसी वजह से इस पूरे मामले को लेकर विवाद खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने कहा, अब देश को तय करना है कि वह पूर्व आर्मी चीफ की बात पर भरोसा करता है या प्रकाशक के बयान पर।

एफआईआर जांच को लेकर उठे सवालः गौरतलब है कि जनरल एम।एम। नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब के कथित सकुर्लेशन को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है, जिसकी जांच चल रही है। इस मुद्दे ने राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में बहस को तेज कर दिया है।

न्यूज IN ब्रीफ

## गीता पाठशाला ने निकाली शोभायात्रा



**मुरी :** सिंगपुर तिरला से परमपिता ब्रहमकुमारी ईशवरीय विश्वविद्यालय गीता पाठशाला की ओर से कलश लेकर शोभायात्रा निकाली गई।उससे पहले धार्मिक झंडे का ध्वाजारोहण किया गया फिर शोभायात्रा में ब्रहमा, बिष्णु, शंकर के रचयिता कौन? एक शिव परमात्मा ।कल्याणकारी कौन? एक शिव परमात्मा । सुख शांति के रचयिता कौन? एक शिव परमात्मा । विश्व रचयिता कौन, एक शिव परमात्मा के जय धोष किए गए। सिंगपुर रेलवे क्लोनी, छोटा मुरी से पुनः वापस महुवा डीह तिरला में समाप्त हुआ। इसमें वीणा बहन, सोनाली बहन, सोमरी बहन, सुशील भाई, बुधेशवर भाई,ज्योति भाई, नन्दकिशोर भाई, धनेश्वर उर्फ साधु भाई,एनजी पाल भाई व अन्य शामिल थे।

## शोभा की वस्तु बनकर रह गया है सांसद निधि से लगे कई स्ट्रीट

**सिल्ली:** स्थानीय सांसद संजय सेठ के सांसद निधि से सिल्ली में कई सार्वजनिक स्थलों में लगे स्ट्रीट लाइट खराब पड़ा है। स्ट्रीट लाइटें घटिया गुणवत्ता वाले लगाए जाने के कारण राहगीरो व आसपास के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मजे की बात है कि हाल के दिनों में यानि बीते बर्ष सिल्ली काली मंदिर, प्रखंड मुख्यालय के समीप आदि कई सार्वजनिक स्थलों में स्ट्रीट लाइट लगाए गए है स्ट्रीट लाइटें घटिया क्वालिटी का होने के कारण दो दिन जलता है तो 10 दिन बंद रहता है। स्थानीय लोग इसकी जांच और मरम्मत की मांग कर रहे है है लेकिन सुधी लेगा कौन यहां अंधेर नगरी चौपट राजा वाला कहावत चरितार्थ है। पढ़े-लिखे बुजुर्ग, बुद्धिजीवी लोग कहते हैं यहां चुनाव के समय अधिकांश जनता मामूली 100-200 और दारू में बिक जाते है और अपना अधिकार 5 साल के लिए गिरवी रख देते हैं। ऐसे में जनप्रतिनिधि से सवाल पूछेगा कौन।

## डेढ़ लाख के ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**चतरा :** जिले के पत्थलगड्डा पुलिस ने छापामारी अभियान चला कर नावाडीह के भेलवाड़ा मोड़ के पास से डेढ़ लाख के ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर कृष्णा कुमार पिता अमिरका दांगी चतरा सदर थाना क्षेत्र के लोवागड़ा गांव का रहने वाला है।उसके पास से 51 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक मोबाईल जब्त किया गया।इस आशय की जानकारी एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल ने दी।उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि नावाड़ी के भेलवाड़ा मोड़ के पास कुछ लोगो के द्वारा मादक पदार्थो की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के आलोक में छापामारी टीम का गठन किया गया।टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया।इस संबंध में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।गिरफ्तार तस्कर का आपराधिक इतिहास है।वह पूर्व में गिद्धौर थाना में एनडीपीएस एक्ट के मामले में जेल जा चुका है। एसडीपीओ ने बताया कि इसमें शामिल अन्य तस्करो की पहचान की जा रही है। छापामारी टीम में एसडीपीओ के अलावा एसआई विकास कुमार, विजय कुमार, एएसआई प्रदीप कुमार सिंह व कई जवान शामिल थे।

## अवैध गांजा के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**चतराः** पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के मोरेनेवा टोल प्लाजा के आस पास एक इंडिगो कार संख्या जेएच 01 ए जेड 1706 कि डिक्की से 24 बंडल अवैध गांजा बरामद किया गया। साथ ही इस कांड में शामिल बिहार राज्य के आरा जिलांतर्गत जोकता गांव के तस्कर सोनू कुमार (22 वर्ष) पिता अजय कुमार को गिरफ्तार किया गया।इस सम्बंध में वशिष्ठ नगर थाना कांड संख्या - 14/2026, दिनांक - 08।02।2026, धारा - 20/22 एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतू छापामारी की जा रही है।छापामारी दल में डीएसपी(मु) पुलिस उपाधीक्षक, वशिष्ठ नगर थाना के सअनि रामपति कुम्हार एवं थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बीएलए 2 की समीक्षा बैठक संपन्न

**चतराः** जिले के हंटरगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सोमवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) कार्य के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रखंड कांग्रेस पार्टी के बूथ एजेंटों (बीएलए) ने भाग लिया। बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एक शुद्ध, निष्पक्ष और त्रुटिरहित मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूत नींव होती है। उन्होंने जोर दिया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह से मतदाता सूची की गुणवत्ता पर निर्भर करती है।बीडीओ कच्छप ने आगामी चरणों में दावा-आपत्ति की प्रक्रिया को और भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने और किसी भी प्रकार की त्रुटि को समय पर सुधारने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य में राजनीतिक दल की सक्रिय भूमिका की सराहना की।बैठक में कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष कामेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस एसआइआर की कड़ी निगरानी कर रही है, ताकि किसी भी मतदाता का नाम छूटने न पाए। उन्होंने हर मतदाता के नैतिक कर्तव्य पर जोर दिया कि सबका नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित हो।बैठक का मुख्य उद्देश्य बताते हुए बीपीआरओ योगेश कुमार शर्मा ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं जनोपयोगी बनाना था, ताकि लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत किया जा सके। मौके पर कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष सरवन कुमार,मोहम्मद सरमद जोरी मंडल अध्यक्ष, चंद्रिका पासवान, विनोद कुमार यादव, मो इम्तियाज आलम,ललिता कुमारी, सुषमा कुमारी, पिंकी कुमारी, रंजन यादव, शंकर दास, चूरामन गंझू, संटु कुमार दास,समेत सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 से 25 फरवरी तक चलेगा एमडीए अभियान

संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची में फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन के उद्देश्य से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए-26) अभियान का आयोजन 10 से 25 फरवरी तक किया जाएगा। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ। प्रभात कुमार ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर अभियान की विस्तृत जानकारी दी और इसके महत्व पर प्रकाश डाला।

तीन प्रखंडों में होगा अभियान का संचालनः सिविल सर्जन ने बताया कि यह अभियान रांची जिले के कांके, सोनाहातू और तमाड़ प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत कुल 5,57,970 लक्षित जनसंख्या को



फाइलेरिया रोधी दवाएं डीईसी और अल्बेंडाजोल का सेवन कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि गर्भवती महिलाओं, दो वर्ष से कम आयु के बच्चों और अत्यंत गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को दवा नहीं दी जाएगी।

पहले दिन बूथ, फिर घर-घर दवा वितरणः अभियान के पहले दिन 10 फरवरी को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक भवनों में बूथ लगाकर लोगों को दवा खिलाई जाएगी। इसके बाद 11 फरवरी से 25 फरवरी तक स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर शेष लक्षित आबादी को दवा का सेवन कराएंगे। इसके लिए जिले में कुल 619 बूथ बनाए गए हैं, जहां 1238 ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर तैनात किए गए हैं। अभियान की निगरानी के लिए 106 सुपरवाइजरों की भी व्यवस्था की गई है।

जन-जागरूकता और विभागीय सहयोग पर जोरः सिविल सर्जन ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है, ताकि शत-प्रतिशत लक्षित आबादी दवा का सेवन करे। इसके लिए विभिन्न विभागों से भी सहयोग लिया जा रहा है और लोगों को दवा सेवन के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा जरूरीः उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक वेक्टर जनित बीमारी है, जो गंदे पानी में पनपने वाले संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलती है। यह बीमारी जानलेवा नहीं होती, लेकिन इससे शरीर में स्थायी विकृति और दिव्यांगता हो सकती है। इसलिए एमडीए अभियान के दौरान सभी पात्र व्यक्तियों के लिए दवा का सेवन करना आवश्यक है।

दवा सेवन को लेकर अपील और सावधानीः सिविल सर्जन ने बताया कि दवा का सेवन खाली पेट नहीं करना चाहिए। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करें और स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों को दवा अवश्य खिलाएं। इस अवसर पर मलेरिया पदाधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी भी मौजूद रहे।

### राजकीय इटखोरी महोत्सव को लेकर समीक्षा बैठक

## उपायुक्त ने तैयारियों की ली विस्तृत जानकारी



संवाददाता

**चतरा :** 19, 20 एवं 21 फरवरी को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव 2026 के सफल, सुव्यवस्थित एवं भव्य आयोजन को लेकर उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान महोत्सव को लेकर अब तक की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था, दर्शक दीर्घा (सीटिंग अरेजमेंट), स्थायी एवं मोबाइल शौचालय, साफ-सफाई, मंदिर से मेन रोड तक सड़क मरम्मती, विद्युत आपूर्ति सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं पर बिंदुवार चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि महोत्सव के दौरान किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए तथा सभी विभाग समयबद्ध तरीके से अपनी-अपनी तैयारियां पूर्ण करें। उपायुक्त ने बताया कि राजकीय इटखोरी महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बॉलीवुड के जाने-माने कलाकारों के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों से आमंत्रित कलाकार अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे। लोक नृत्य, लोक गीत, पारंपरिक एवं आधुनिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से कलाकार दर्शकों का मनोरंजन करेंगे और सांस्कृतिक संध्या में समा बांधेंगे। इसके साथ ही महोत्सव के दौरान आधुनिक तकनीक से सुसज्जित भव्य ड्रोन शो का भी आयोजन किया जाएगा, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।उन्होंने आगे बताया कि 19 एवं 20 फरवरी को इटखोरी स्थित बक्सा डैम में आमजनों के लिए निःशुल्क विभिन्न वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त 19 एवं 20 फरवरी को लक्षणपुर भेड़ी फॉर्म डैम में पैरा-ग्लाइडिंग की व्यवस्था की गई है, वहीं 21 फरवरी को मां भद्रकाली मंदिर स्थित महाने नदी के तट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त ने इन सभी कार्यक्रमों को लेकर आपसी समन्वय के साथ उच्चस्तरीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया माहेश्वरी प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी कैलाश राम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## महिला से दिनदहाड़े 50 हजार रुपए की लूट

संवाददाता

**चतरा :** शहर में अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है। एक बार फिर अपराधियों ने चतरा पुलिस को खुली चुनौती देते हुए दिनदहाड़े लूट की घटना को अंजाम दिया है। शहर के मारवाड़ी मोहल्ला राजा तालाब के गली में बाइक सवार दो बदमाशों ने सुनीता देवी नामक महिला से 50 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए। भुक्तभोगी महिला सुनीता देवी वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के पोस्तिया गांव निवासी अजय यादव की पत्नी है। बताया जाता है कि महिला बैंक ऑफ इंडिया से रुपये की निकासी कर झूमड़ा मोहल्ला में अपने भाई प्रकाश कुमार के घर जा रही थी। सुनीता देवी बैंक ऑफ इंडिया से 50,000 की निकासी कर पैदल ही अपने भाई के घर लौट रही थीं। इसी दौरान राजा तालाब गली में अज्ञात अपराधियों ने नकदी से भरा प्लास्टिक का थैला छीन लिया और फरार हो गए। छीने गए सामान में 50,000 नकद के अलावा बैंक पासबुक और



आधार कार्ड भी शामिल है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोगों में दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से आमजन खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू किया। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली रही है। थाना प्रभारी अवधेश सिंह ने बताया कि जल्द ही अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## नाबालिग युवती को भगा कर ले जाने वाले आरोपी युवक को भेजा गया जेल

संवाददाता

**चतराः** सदर पुलिस ने सोमवार को एक नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर कर घर से भगा कर ले जाने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल भेजा गया



युवक मुकेश कुमार पासवान बिहार के मुजफ्फरपुर के लखीमपुर निवासी नंदु पासवान का पुत्र है। चतरा पुलिस ने युवक को मुजफ्फरपुर में ही नाबालिग के साथ गिरफ्तार किया था। सोमवार को उसे चतरा लाया गया। मेडिकल जांच के बाद युवती को उसके परिजनों को सौंप दिया गयाजबकि युवक को पोक्सो एक्ट के तहत जेल भेजा गया है। इस मामले में युवती के पिता ने आरोपी युवक के विरुद्ध सदर थाना में मामला दर्ज कराया है। जिसमें युवक पर नाबालिग को बहला फुसलाकर कर घर से भगाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस की पूछताछ में यह बात सामने आई है कि सोशल मीडिया पर दोनों के बीच दोस्ती हुई थी। युवक नाबालिग से मिलने चतरा पहुंचा और उसे अपने साथ लेकर मुजफ्फरपुर चला गया।

## अफीम की खेती नष्ट की गई

संवाददाता

**चतरा :** पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर सोमवार को जिले में अवैध अफीम की खेती के उन्मूलन हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में कुंदा थाना अंतर्गत ग्राम-कोटारी और चानो में करीब 25 एकड़ ,लावालौंग थाना अंतर्गत ग्राम एकता और टिटीभरगांव में करीब 04 एकड़ कुल करीब 29 एकड़ वन भूमि में की जा रही अवैध अफीम की खेती को



शुरूआती अवस्था में ही नष्ट किया गया।अवैध खेती में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है तथा उनके विरुद्ध आवश्यक विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।चतरा पुलिस ने आम जनों से अपील किया है कि अवैध अफीम की खेती न करें तथा किसी भी व्यक्ति को ऐसी गैर-कानूनी गतिविधि करने से रोकने में चतरा पुलिस का सहयोग करें।

### राजकीय महोत्सव इटखोरी की तैयारी पर उपायुक्त की प्रेस वार्ता

## ड्रोन शो, वाटर स्पोर्ट्स और पैरा ग्लाइडिंग के साथ सजेगा महोत्सव

**चतरा कॉलेज और संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग की छात्रा प्रस्तुत करेंगी फैशन शो**

**बॉलीवुड गायक कैलाश खेर होंगे मुख्य आकर्षण**

संवाददाता

**चतरा :** राजकीय इटखोरी महोत्सव-2026 इस बार पैन इंडिया तर्ज पर आयोजित होगा। तीन दिवसीय महोत्सव (19-21 फरवरी) में देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों की प्रस्तुतियों के साथ बॉलीवुड के चर्चित कलाकारों के अलावा प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर भी अपनी प्रस्तुति देंगे। सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में उपायुक्त श्री कृतिश्री ने जानकारी देते हुए बताया कि



अत्याधुनिक ड्रोन शो, फ्री वाटर स्पोर्टस, फैशन शो और पैरा-ग्लाइडिंग जैसे आकर्षण शामिल रहेंगे। उपायुक्त ने सुरक्षा, साफ-सफाई, दर्शक दीर्घा, सड़क मरम्मती और निर्वाध बिजली आपूर्ति को लेकर सभी विभागों को तय समय-सीमा में तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिया है। उपायुक्त ने बताया कि 21 फरवरी को महाने नदी तट पर भव्य गंगा आरती भी होगी।इसकी इसकी तैयारियों को लेकर उपायुक्त कीर्तिश्री जी ने पदाधिकारियों के साथ बैठक भी कर ली है। उपायुक्त ने बताया कि महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा, जिसमें बॉलीवुड के चर्चित कलाकारों के साथ देश के विभिन्न राज्यों से आमंत्रित कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। लोक नृत्य, लोक गीत और आधुनिक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 19 एवं 20 फरवरी को इटखोरी स्थित बक्सा डैम में आमजनों के लिए निःशुल्क वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान फैशन शॉ का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें चतरा महाविद्यालय और संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग की छात्रा भाग लेंगे। वहीं 19 और 20 फरवरी को लक्षणपुर भेड़ी फॉर्म डैम में पैरा-ग्लाइडिंग की व्यवस्था की गई है। 21 फरवरी को मां भद्रकाली मंदिर के समीप महाने नदी तट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन होगा। बताया कि बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध सिंगर कैलाश खेर की प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र होंगी।

कार सवार युवकों का तांडव

# किन्नर का तोड़ा पैर, युवक को कुचला पुलिस टीम को भी कुचलने की कोशिश

- पुलिस के साथ भी की मारपीट, दो पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त
- फायरिंग के बाद पकड़े गए आरोपी

मेट्रो रेज



**रांची :** राजधानी रांची के कचहरी चौक के पास उस समय खलबली मच गयी, जब एक ट्रांसजेंडर के साथ जमकर मारपीट की गयी। इल्जाम है कि स्कॉर्पियो सवार लड़कों ने मारधाड़ किया और ट्रांसजेंडर को उठाकर पटक दिया। इस घटना में उसका पैर टूट गया। वारदात की फैली खबर के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने पुलिस को भी अपना निशाना बनाया। पुलिस को रौंदने की कोशिश की गयी। जिसमें पुलिस की दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गयी।

**इस्तियाख और गुलफाम की करतूतें:** सिटी एसपी पारस राणा के मुताबिक, इस्तियाख और गुलफाम नामक दो युवकों ने पहले एक आम युवक को अपनी स्कॉर्पियो से रौंद दिया। घायल युवक बेहोश होकर सड़क पर गिर गया। इसके बाद आरोपियों ने उसे वहीं छोड़ने की बजाय अपनी गाड़ी में डालकर पूरे शहर में घुमाते रहे।

**पुलिस ने किया पीछा:** जब पुलिस को इस सनसनीखेज घटना की जानकारी मिली, तो तुरंत पीछा शुरू किया गया। लेकिन इस्तियाख और गुलफाम ने गाड़ी रोकने का नाम नहीं लिया और तेज रफ्तार में शहर की सड़कों पर भगाते रहे। उनकी चालबाज ड्राइविंग पुलिस को कई बार चकमा देती रही। जिससे शहर में लोगों के बीच दहशत का माहौल बन गया।

**फायरिंग के बाद पकड़े गए आरोपी:** आखिर में पुलिस को मजबूरन फायरिंग करनी पड़ी। कुल 9 राउंड फायरिंग की गई, जिसमें स्कॉर्पियो के टायर को निशाना बनाया गया। इस फायरिंग में इस्तियाख भी घायल हो गया और उसे तुरंत इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया। डॉक्टर उसकी हालत पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

**ट्रांसजेंडर और आम युवक की हालत:** घायल ट्रांसजेंडर और दूसरे युवक का भी इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच तेज कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर टीम छापेमारी कर रही है।

**किन्नरों के साथ पी शराब, फिर हुई लड़ाई :** रांची पुलिस के अनुसार इश्तियाक और गुलफाम ने रांची के कचहरी चौक स्थित एक बार में किन्नरों के साथ शराब पी, इसी दौरान दोनों का किन्नर से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया. जिसके बाद इश्तियाक और गुलफाम ने किन्नर को बीच सड़क पर उठाकर फेंक दिया और उसे अपने वाहन से कुचल दिया. किन्नर के पैर टूट गए हैं उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है. इसी बीच मौके पर मौजूद बंटी कुमार ने बीच बचाव की कोशिश की तो उसे इश्तियाक और गुलफाम ने पकड़ लिया और कचहरी चौक स्थित स्टेट बैंक के पास उसे बुरी तरह से पीटा यहां तक कि उसके सिर को कई बार सड़क के डिवाइडर से भी टकरा-टकरा कर मारा. जब बंटी के दोस्त उस तरफ बढ़े तब गुलफाम और इश्तियाक ने बंटी को अपने वाहन में बैठा लिया और उसे लेकर फरार हो गए. इस घटना के बाद ही बंटी के दोस्तों के द्वारा रांची पुलिस को डायल 112 पर सूचना दी गई जिसके बाद पुलिस अलर्ट हुई.

# कटहल मोड़ के पास कार से नौ लाख कैश बरामद

मेट्रो रेज



**रांची:** राजधानी रांची में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और अवैध लेनदेन पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रातू थाना क्षेत्र के कटहल मोड़ स्थित चेक पोस्ट पर मंगलवार को जांच के क्रम में एक आभूषण दुकान संचालक के पास से नौ लाख रुपये नकद बरामद किए गए। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम चुनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा कटहल मोड़ पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की सघन तलाशी ली जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध वाहन को रोका गया। तलाशी के दौरान वाहन से भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई। पूछताछ में वाहन सवार की पहचान एक ज्वेलरी दुकान संचालक के रूप में हुई, लेकिन वह नकदी से संबंधित कोई वैध दस्तावेज या संतोषजनक जवाब पुलिस को नहीं दे सका। इसके बाद पुलिस ने पूरी राशि जब्त कर ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए आयकर विभाग को भी इसकी सूचना दे दी गई है और आगे की जांच जारी है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, अफरा - तफरी

मेट्रो रेज

**रामगढ़:** जिले के पतरातू थाना क्षेत्र में बीती रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई इससे लोगों में दहशत का माहौल बन गया।

**पीवीयूएनएल पावर प्लांट में मजदूर था मृतक:** मृतक की पहचान रौनक कुमार शाह के रूप में हुई है। वह निमार्णाधीन पीवीयूएनएल पावर प्लांट में लॉयल टैंक सीएचपी ऑपरेशन मैनपावर में मजदूर के तौर पर काम करता था। रोज की तरह कल भी वह ड्यूटी खत्म कर वापस लौट रहा था।

**ग्रिड के पास सड़क किनारे घायल अवस्था में मिला:** जानकारी के अनुसार, पतरातू थाना क्षेत्र स्थित ग्रिड के पास सड़क किनारे रौनक गंभीर रूप से घायल हालत में पड़ा मिला। उसी समय ड्यूटी से लौट रहे उसके कुछ सहकर्मियों की नजर सड़क पर पड़े युवक पर पड़ी। पास जाकर देखने पर उन्होंने उसे पहचान लिया और तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी।

**अज्ञात वाहन की टक्कर से हादसे की आशंका:** सहकर्मियों का कहना है कि रौनक किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया होगा। टक्कर इतनी तेज थी कि वह सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। हादसा देर रात हुआ, जिस वजह से किसी को तुरंत इसकी जानकारी नहीं मिल सकी। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक आसपास किसी वाहन के रुकने या मदद करने के कोई संकेत नहीं मिले, जिससे हिट एंड रन की आशंका जताई जा रही है।

**अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने किया मृत घोषित:** सूचना मिलने के बाद पतरातू पुलिस मौके पर पहुंची। सहकर्मियों और पुलिस की मदद से रौनक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पतरातू लाया गया। यहां चिकित्सक डॉ अरविंद कुमार ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में शोक का माहौल छा गया।

**उत्तर प्रदेश के बलिया जिले का रहने वाला था रौनक:** पुलिस के अनुसार, रौनक कुमार शाह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बलिया जिले का रहने वाला था। वह रोजगार की तलाश में पतरातू आया था और पीवीयूएनएल पावर प्लांट में काम कर रहा था। घटना की जानकारी उसके परिजनों को दे दी गई है।

पुलिस जांच में जुटी, सीसीटीवी खंगाले जा रहे: पतरातू थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है, ताकि अज्ञात वाहन की पहचान की जा सके। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों की पुष्टि होगी और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

रांची मेयर चुनाव में गठबंधन पर सियासी दरार

# ईंट-बिस्किट-बेंच की जंग बनी चर्चा का विषय



गुलाम शाहिद

**रांची:** रांची नगर निगम चुनाव में मेयर पद को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) समर्थित प्रत्याशियों के चुनाव मैदान में उतरने से राज्य की गठबंधन सरकार के भीतर संभावित दरार की चर्चा शुरू हो गई है। राजनीतिक गलियारों में इसे गठबंधन की एकजुटता की अग्निपरीक्षा के रूप में देखा जा रहा है। मेयर पद के लिए भाजपा समर्थित उम्मीदवार रोशनी खलखो को बिस्किट चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। वहीं कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार रमा खलखो को बेंच चुनाव चिन्ह मिला है। दूसरी ओर झामुमो समर्थित उम्मीदवार सुजीत विजय आनंद कुजूर को ईंट चुनाव चिन्ह प्रदान किया गया है।

तीनों प्रमुख दलों के समर्थित प्रत्याशियों के आमने-सामने आने से चुनावी मुकाबला त्रिकोणीय और दिलचस्प हो गया है। शहर में मतदाता और राजनीतिक विश्लेषक इस मुकाबले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। सोशल और राजनीतिक मंचों पर व्यंग्यात्मक टिप्पणियां भी देखने को मिल रही हैं–कहीं ईंट से बिस्किट चूर होने की बात हो रही है तो कहीं बेंच टूटने की।

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि इस चुनाव का परिणाम न केवल नगर निगम की सत्ता तय करेगा, बल्कि राज्य की मौजूदा गठबंधन राजनीति पर भी इसका असर पड़ सकता है।



## वार्ड 15 में मुस्कान प्रविण ने लिया मजबूत भविष्य की नींव का संकल्प

**रांची :** नगर निगम के वार्ड संख्या 15 से प्रत्याशी मुस्कान प्रविण ने कहा कि यह चुनाव केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि भरोसे और विकास का महत्वपूर्ण निर्णय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य वार्ड के समग्र विकास के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक के सम्मान और अधिकार की रक्षा करना है। मुस्कान प्रविण ने अपनी ईमानदार सोच, साफ नीयत और जमीन से जुड़े नेतृत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि वे जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनका लक्ष्य वार्ड में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना, युवाओं के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराना और हर परिवार की सुरक्षा एवं समृद्धि सुनिश्चित करना है। उन्होंने वार्डवासियों से अपील की कि वे क्रमांक संख्या 03 पर बल्ला छाप पर अपना कीमती वोट देकर मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध वार्ड के निर्माण में भागीदार बनें।

आपका वोट – वार्ड का भविष्य इसी विश्वास के साथ मुस्कान प्रविण ने सभी मतदाताओं से समर्थन की अपील की है।

## वार्ड 18 : सब का सम्मान, क्षेत्र का विकास के संकल्प के साथ आशा गुप्ता ने जनता का मांगा आशीर्वाद



**रांची :** वार्ड संख्या 18 से महिला प्रत्याशी आशा गुप्ता ने क्षेत्र के समग्र विकास और सामाजिक एकता को अपना प्रमुख लक्ष्य बताते हुए जनता से समर्थन की अपील की है। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प है – काम किया है, काम करूँगी और इसी विश्वास के साथ वे जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्रीमती गुप्ता ने विशेष रूप से महिलाओं को सम्मान और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वार्ड के हर परिवार की समस्याओं का समाधान, मूलभूत सुविधाओं का विस्तार और क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वे क्रम संख्या 01 पर चुनाव चिन्ह अलमारी पर मोहर लगाकर उन्हें विजयी बनाएं, ताकि वार्ड नं। 18 में विकास की गति को और तेज किया जा सके। इस अवसर पर डॉ राजेश गुप्ता (छोटू) ने भी क्षेत्रवासियों से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि आशा गुप्ता का नेतृत्व वार्ड को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगा।

# जॉसकान 2026 का 23वां वार्षिक सम्मेलन 13 से

मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड ऑप्थल्मोलॉजी सोसाइटी (जेएचओएस) के तत्वावधान में रांची में 23वें वार्षिक सम्मेलन जॉसकान 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का शैक्षणिक सम्मेलन 13, 14 एवं 15 फरवरी 2026 को आयोजित होगा। सम्मेलन का उद्देश्य नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों, नवीन शोध और उन्नत शल्य चिकित्सा पद्धतियों पर गहन विमर्श करना है।

इस शैक्षणिक महाकुंभ में देशभर से 60 से 70 प्रतिष्ठित राष्ट्रीय वक्ता भाग लेंगे। सम्मेलन के दौरान ऑकुलोप्लास्टी (आंखों की पलक से संबंधित शल्य चिकित्सा), स्क्विंट (भेंगापन), कॉर्निया, मोतियाबिंद और रेटिना जैसे जटिल विषयों पर विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे। आधुनिक सर्जिकल तकनीकों और प्रीफर्ड प्रैक्टिस पैटर्न पर आधारित सर्जिकल वीडियो के माध्यम से विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही झारखंड के सरकारी एवं निजी क्षेत्र से लगभग 200 नेत्र विशेषज्ञ सम्मेलन में सहभागिता करेंगे।

सम्मेलन में राज्य के पीजी छात्रों के लिए भी विशेष प्रावधान किया गया है। विभिन्न प्रतिस्पर्धात्मक सत्रों के माध्यम से छात्र अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा, जिससे युवा चिकित्सकों का उत्साहवर्धन होगा।

आयोजकों के अनुसार इस सम्मेलन से होने वाले विमर्श का सीधा लाभ झारखंड की जनता को मिलेगा। इससे राज्य में नेत्र चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में और अधिक सुधार होगा तथा नवीन तकनीकों का लाभ मरीजों तक पहुंच सकेगा।

मुख्य उद्घाटन समारोह शनिवार, 14 फरवरी 2026 को शाम 6:00 बजे आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह उपस्थित रहेंगी।

सम्मेलन का आयोजन स्वर्णभूमि, पुरुलिया रोड, डंगरा टोली के पास, रांची में किया जाएगा। आयोजन को लेकर चिकित्सा जगत में उत्साह का माहौल है और इसे नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

# मछुआरों के लिए तीन दिवसीय क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम का शुभारंभ

- मत्स्य पालन की आधुनिकतम तकनीक से रूबरू हुए मत्स्य कृषक
- सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं व आर्थिक समृद्धि बढ़ाएं: मत्स्य निदेशक



मेट्रो रेज

**रांची:** आईसीएआर, केंद्रीय मत्स्य प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआइएफटी), मुंबई द्वारा अनुसूचित जाति उप योजना (एससीएसपी) के तहत झारखंड के मछुआरों के लिए तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का शुभारंभ मंगलवार को मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र शालीमार धुर्वा में किया गया। यह प्रशिक्षण मुंबई अनुसंधान केंद्र, आईसीएआर-सीआइएफटी के वैज्ञानिक डॉ।श्रवण कुमार शर्मा तथा तकनीकी स्टाफ तुलसी वाघमारे के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों के माध्यम से मत्स्य पालन की दक्षता, स्थिरता तथा आय में वृद्धि करना है। प्रशिक्षण में विशेषज्ञों द्वारा झारखंड के गहरे मीठे पानी के जलाशयों के अनुरूप व्यावहारिक और नवीनतम तकनीकों पर बल दिया गया। प्रशिक्षण में तकनीकी सत्रों में फिश एग्रीगेटिंग डिवाइस (एफएडी) के माध्यम से गहरे जलाशयों में डिमर्सल मछली प्रजातियों के प्रभावी दोहन पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त जलाशयों में मत्स्य पालन के लिए वैकल्पिक ईंधन एवं ऊर्जा प्रणालियों (सौर तथा विद्युत चालित) द्वारा मछली पकड़ने वाली नौकाओं की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला गया, जिन्हें जलवायु सहनशील और लागत प्रभावी विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया गया।

अन्य व्याख्यानों में मछलियों के पोषण संबंधी पहलुओं, कटाई पश्चात प्रबंधन तथा मूल्य संवर्धन तकनीकों की जानकारी दी गई, जिससे मछली उत्पादों की गुणवत्ता और बाजार मूल्य में वृद्धि की जा सके। साथ ही, अंतर्देशीय जल निकायों में प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या तथा उसके निवारण हेतु जैव अपघटनीय मछली पकड़ने वाले जालों के उपयोग पर भी चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम मुंबई अनुसंधान केंद्र, आईसीएआर-सीआइएफटीकी वैज्ञानिक प्रभारी डॉ। आशा केके एवं एससीएसपी नोडल अधिकारी डॉ। सुरेश के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमरेन्द्र कुमार, निदेशक मत्स्य, (झारखंड सरकार) ने मत्स्य कृषकों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। प्रशिक्षण में मछुआरों की सक्रिय सहभागिता रही। उद्घाटन सत्र का समापन तुलसी वाघमारे के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उक्त जानकारी मत्स्य निदेशालय के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।

# मोती पालन के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

## मत्स्य उत्पादन के साथ-साथ मोती पालन में भी झारखंड को अग्रणी बनाएं: अमरेंद्र कुमार

**रांची:** मत्स्य निदेशालय के सौजन्य से मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र शालीमार, धुर्वा में सोमवार को पांच दिवसीय मोती पालन प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सरायकेला, खूंटी, सिमडेगा, बोकारो, देवघर, जामताड़ा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम तथा रांची जिले के 180 किसान भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन समारोह में निदेशक (मत्स्य) अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि मछलीपालन में राज्य निरंतर आगे बढ़ रहा है। जिस तरह से केज कल्चर में झारखंड का नाम पूरे देश में प्रसिद्ध है, उसी तरह से मोती पालन के क्षेत्र में राज्य को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि कम जगह तथा अल्प पूंजी में मोती पालन प्रारंभ किया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ।रितेश शुक्ला, प्राध्यापक, संत जेवियर कॉलेज, रांची, प्रगतिशील मोती पालक बुधन सिंह पूर्ति सहित अन्य मत्स्य कृषक उपस्थित थे।

डॉ।रितेश कुमार शुक्ला ने पर्ल कल्चर पर परिचयात्मक व्याख्यान दिया और पर्ल कल्चर को मत्स्य पालन के साथ एकीकृत करने पर बल दिया। अपने व्याख्यान में उन्होंने पर्ल कल्चर की अवधारणा को विस्तार से समझाया, जिसे किसान आगामी पांच दिनों के प्रशिक्षण में सीखेंगे। उक्त जानकारी मत्स्य निदेशालय के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।

e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI
(Behind State Guest House Morhabadi)
Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

VERY SHORT-TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE
FOR RATE PURPOSE ONLY
Quotation Reference No: BCD/Bld. Div. No.- 1 --- 27/2025-26

Sealed Quotations are invited for the work **(1) Additional work of Furniture & Furnishing Work in Swarnrekha Hostel and Vikaramshila Hostel at ATI Campus Mayer's Road, Ranchi (2) Additional work of Furniture & Furnishing Work in Nalanda Hostel and Dining Hall at ATI Campus Mayer's Road, Ranchi** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers / Suppliers / Retailers / Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.
Terms and Condition 1.The quotationer shall furnish Pan, GST registration no.
2.The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3.The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.
नोट :–(1)वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 16-02-2026 के अपराह्न 1:00 बजे तक।
(2)ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 17-02-2026 अपराह्न 1:30 बजे।
(3)ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, रॉंची।
(4)ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० : 8527519262
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division No.-1, Ranchi
PR 372643 (Building)25-26*D

## सूक्ति

सबसे प्रेम करो, कुछ पर विश्वास करो
अन्याय किसी के साथ मत करो : शेक्सपियर

## डेटा सुरक्षा के लिए स्वदेशी विकल्पों पर देना होगा जोर

**डिजिटल** सुरक्षा का मुद्दा दुनिया के तमाम उन देशों के लिए ज्यादा चिंता का विषय बना हुआ है, जहां विदेशी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का दबदबा कायम हो चुका है। भारत समेत तमाम दूसरे देशों के डेटा पर भी अमरीकी कंपनियों का कब्जा है। फेसबुक, एक्स और गूगल जैसे प्लेटफार्म से डेटा सुरक्षा पर आ रहे संकट को देखते हुए अब कई देश विदेशी टेक टूल के इस्तेमाल को धीरे-धीरे या तो सीमित कर रहे हैं या इन्हें बंद कर स्वदेशी और ओपन सोर्स को अपनाने में जुट गए हैं।

यह जरूरत इसलिए भी आ गई है कि विदेशी प्लेटफॉर्म न केवल भ्रामक जानकारियों को परोसने का काम कर रहे हैं, बल्कि आर्थिक तौर पर भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। चुनावों तक को प्रभावित करने के आरोप इन विदेशी प्लेटफॉर्म्स पर लगते रहे हैं। इन्हीं चिंताओं के चलते यूरोप के कई देशों ने वर्ष 2027 तक जूम, माइक्रोसॉफ्ट टीम्स और वेबेक्स जैसे अमरीकी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग टूल्स का उपयोग बंद करने का निर्णय लिया है। हमारे यहां भी पिछले लोकसभा चुनावों के दौर में विदेशी सोशल मीडिया पर फेक न्यूज और डीपफेक वीडियो फैलाने के आरोप खूब लगे थे। यह भी कहा गया था कि इनसे मतदाताओं को गुमराह करने का काम भी किया गया। सच तो यह है कि एल्गोरिद्म नफरत भरी सामग्री को बढ़ावा देते हैं। कई बार युवाओं में तनाव, अवसाद, चिंता और आत्मसम्मान की कमी से जूझने के मामले भी देखे गए हैं। यही वजह है कि नेपाल, इंडोनेशिया और मोरक्को जैसे छोटे देशों में भी डेटा प्राइवेसी के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। भारत में भी विदेशी प्लेटफार्मों के जरिए परोसी जाने वाली सामग्री के खतरे कम नहीं हैं। फर्जी खबरें समाज में वैमनस्य फैलाने का काम तो करती ही है, एक खतरा यह भी है कि अमरीकी कंपनियां हमारे डेटा का इस्तेमाल कर बाजार में एकाधिकार कायम करती हैं, जिससे भारतीय स्टार्टअप पिछड़ जाते हैं। चूंकि यूरोप इस खतरे को समझ चुका है, इसलिए वहां डेटा एक्ट, एआइ एक्ट और एनआइएस 2 जैसे कानून लागू हो रहे हैं। भारत में भी डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 विदेशी कंपनियों को भारत में डेटा स्टोर करने को बाध्य करता है, लेकिन इसका सख्त क्रियान्वयन जरूरी है। चूंकि 12 लाख केंद्रीय कर्मचारियों के ई-मेल जोहो मेल पर शिफ्ट हो चुके हैं, इसलिए इसी तर्ज पर सोशल मीडिया और मैपिंग के लिए स्वदेशी विकल्प अपनाए जाने चाहिए। राष्ट्रीय डेटा नीति बनाई जाए, ताकि निजता का अधिकार सुरक्षित रहे। डिजिटल संप्रभुता अब केवल तकनीकी या आर्थिक मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा और लोकतांत्रिक स्थिरता से भी जुड़ा प्रश्न बन चुका है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश के लिए यह आवश्यक है कि डेटा के संग्रह, भंडारण और उपयोग से जुड़े नियम पारदर्शी और कठोर हों।

## संवेदनशीलता से थामना होगा बच्चों का हाथ

**तकनीक** जिस गति से हमारे जीवन में घुसी है, वैसे इसके दुष्प्रभावों से निपटने की तैयारी नहीं हुई। गाजियाबाद में एक ही परिवार की तीन नाबालिग बहनों की मौत की खबर समूचे समाज को झकझोरने वाली है। यह घटना सिर्फ एक परिवार पर आई त्रासदी नहीं है, बल्कि डिजिटल दौर में बच्चों के सामने खड़े होते जा रहे बड़े खतरे को लेकर चेतावनी भी है। ऑनलाइन गेमिंग की आदी इन बहनों का स्कूल भी नियमित नहीं हो रहा था। चिंता यह है कि बच्चे अब स्क्रीन के सहारे अपनी दुनिया गढ़ने लगे हैं। ऑनलाइन गेमिंग आज महज मनोरंजन का साधन ही नहीं रह गई है। यह एक ऐसा उद्योग बन चुका है, जो बच्चों और किशोरों की मानसिक कमजोरियों को पहचानकर उन्हें लंबे समय तक स्क्रीन से बांधे रखने की रणनीति पर काम करता है। इन खेलों की बनावट ही ऐसी होती है कि खिलाड़ी बार-बार लौटने को मजबूर हो जाता है। लेवल, रिवॉर्ड, वर्चुअल करेंसी और लगातार मिलने वाली चुनौतियां दिमाग में एक तरह की लत पैदा करती है। बच्चों के लिए यह खतरा और भी बड़ा है, क्योंकि उनका मानसिक विकास अभी अधूरा होता है और वे जोखिम का आकलन करने में सक्षम नहीं होते। दरअसल, कोरोनाकाल के बाद यह समस्या और गहरा गई। स्कूल बंद हुए, खेल के मैदान सूने हो गए और बच्चों का सामाजिक दायरा सिमटकर मोबाइल स्क्रीन तक रह गया। कई परिवारों ने हालात की मजबूरी में बच्चों को फोन और टैबलेट थमा दिए, ताकि वे घर में व्यस्त रहें। लेकिन धीरे-धीरे यही सुविधा लत में बदलती चली गई। आज, जो बच्चे घंटों तक ऑनलाइन गेम में डूबे रहते हैं उनका वास्तविक दुनिया से रिश्ता कमजोर होता जा रहा है। बड़ा सवाल जिम्मेदारी का है। क्या केवल अभिभावक जिम्मेदार हैं? या वह व्यवस्था भी, जो मुनाफे की अंधी दौड़ में बच्चों को उपभोक्ता की तरह देखने लगी है? ऑनलाइन गेमिंग कंपनियां यह जानती हैं कि उनका बड़ा बाजार बच्चे और किशोर हैं, फिर भी वे उम्र-सीमा, समय-सीमा और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े जोखिमों को गंभीरता से नहीं लेतीं। स्व-नियमन की बातें अक्सर कागजों तक सीमित रह जाती हैं। दुनिया के कई देशों ने खतरे को समझते हुए सख्त कदम उठाए हैं। साफ है कि जब सरकारें सख्ती दिखाती हैं, तभी कंपनियां जिम्मेदारी से नियम बनाती हैं। भारत में भी अब ठोस और कड़े कदम उठाने की जरूरत है। सलाह और जागरूकता अभियान काफी नहीं, बल्कि स्पष्ट कानून, निगरानी और दंड का प्रावधान जरूरी है। साथ ही, अभिभावकों की भूमिका भी बेहद अहम है। बच्चों के व्यवहार में बदलाव, चिड़चिड़ापन या एकांतप्रियता जैसे संकेतों को गंभीरता से लेना होगा। उन्हें खेल, कला, पढ़ाई और परिवार के साथ समय बिताने के अवसर भी देने होंगे। बच्चों को तकनीक के भरोसे नहीं छोड़ें, बल्कि संवेदनशीलता के साथ उनका हाथ थामें।

# संसदीय गरिमा की लक्ष्मण रेखा लांघना चिंताजनक

**हर सत्र के बाद जारी किए जाने वाले कामकाज के आंकड़ों से इतर याद नहीं पड़ता कि हाल के वर्षों में संसद का कोई सत्र बिना व्यवधान सुचारू चल पाया हो। इससे विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के सदन की साख बढ़ती तो हरगिज नहीं। जारी बजट सत्र में जो कुछ हो रहा है, वह हमारे राजनीतिक दलों के संसदीय आचरण पर गंभीर सवाल खड़े करता है।**

**राज कुमार सिंह**

संसद का बजट सत्र राष्ट्रपति के अभिभाषण से शुरू होने की परंपरा है। व्यापक चर्चा और उस पर प्रधानमंत्री के जवाब के बाद धन्यवाद प्रस्ताव पारित होता है, लेकिन इस बार लोकसभा में ऐसा नहीं हुआ। 2004 के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि प्रधानमंत्री के जवाब के बिना ही पांच फरवरी को ध्वनि मत से धन्यवाद प्रस्ताव पारित करना पड़ा। हालांकि उसी दिन राज्यसभा में प्रधानमंत्री ने जवाब दिया। दरअसल इस बार अभिभाषण पर चर्चा का जवाब प्रधानमंत्री को चार फरवरी की शाम पांच बजे देना था, लेकिन चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अपनी बात कहने का मौका न मिलने के जवाब में विपक्षी हंगामे के चलते सदन स्थगित करना पड़ा। विपक्ष का संदेश था कि अगर उसके नेता को नहीं बोलने दिया गया तो वह भी सदन के नेता यानी प्रधानमंत्री को नहीं बोलने देंगे, पर इस टकरावपूर्ण राजनीति से दांव पर संसद की साख लग रही है।

संसद में राष्ट्रपति और विधानमंडलों में राज्यपाल क्रमशः केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से मंजूर अभिभाषण ही पढ़ते हैं। इनमें सरकारों के कामकाज की प्रशंसा करते हुए भविष्य की रूपरेखा बताई जाती है। अभिभाषण में उल्लेखित सभी बिंदुओं पर सदन में चर्चा हो सकती है, लेकिन उसकी कुछ प्रकियाएं-परंपराएं हैं। जब परस्पर अविश्वास और कटुता चरम पर हो, तो तकरार के लिए मुद्दों की कमी नहीं रहती, लेकिन संसद के बजट सत्र में सत्तापक्ष और विपक्ष में जारी तकरार के मूल नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चर्चा में पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की प्रकाशनाधीन पुस्तक 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के कुछ अंशों का उल्लेख कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश है। तीन फरवरी को लोकसभा में राहुल गांधी को पुस्तक के अंश पढ़ने से रोकने के लिए तर्क दिया गया था कि जो पुस्तक अभी तक प्रकाशित ही नहीं हुई, उसका हवाला संसदीय चर्चा में नहीं दिया जा सकता। अगले दिन राहुल पुस्तक की प्रति लेकर संसद पहुंच गए और प्रधानमंत्री को भेंट करने का इरादा जताया तो धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का प्रधानमंत्री द्वारा शाम पांच बजे के लिए तय जवाब के बिना ही हंगामे के बीच सदन स्थगित हो गया।

प्रधानमंत्री के जवाब बिना ही धन्यवाद प्रस्ताव पारित होने की स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण इसलिए भी है कि इससे बचा जा सकता था। तनातनी बढ़ाने के बजाय स्पीकर की मध्यस्थता से दोनों ही पक्षों को मध्य मार्ग निकालना चाहिए था। राहुल गांधी को पुस्तक का जिक्र किए बिना ही सदन में चीनी सामरिक चुनौती पर मोदी सरकार की जवाबी रणनीति पर सवालिया निशान लगाते हुए बाहर प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री को कठघरे में खड़ा करने के लिए समझाया जा सकता था। दरअसल दोनों ही पक्षों में समन्वय के बजाय टकराव की राजनीति पसंद करने वाले लोग ज्यादा मुखर और प्रभावी नजर आते हैं। चार फरवरी को कुछ पुस्तकों के आधार पर निशिकांत दुबे की टिप्पणियों के बजाय दोनों पक्षों में संसदीय हित में समझदारी की कोशिश की जाती तो शायद धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री लोकसभा में जवाब दे पाते।

सदन में राज्यसभा के नेता जगत प्रकाश नड्डा और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणियां बताती हैं कि संसदीय लोकतंत्र के आधार माने जाने वाले सत्तापक्ष और विपक्ष के परस्पर संबंध कितने रसातल में चले गए हैं। राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष के रूप में अपने अधिकारों के प्रति अक्सर संवेदनशील नजर आते हैं, पर उस भूमिका में उनके देश के प्रति दायित्वों की चिंता कौन करेगा? माना कि संसद की कार्यवाही चलाने की जिम्मेदारी मुख्यतः सत्तापक्ष की मानी जाती है, लेकिन तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था में सामरिक ही नहीं, भू-राजनीतिक और आर्थिक चुनौतियों के भंवर से देश को पार ले जाने की जिम्मेदारी सामूहिक है। सत्तापक्ष पर सवाल और आरोप उछालकर ही विपक्ष अपनी इस जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकता। निश्चय ही ऐसी भूमिकाओं के लिए निर्वाह के लिए इन सभी विषयों की गहरी समझ के साथ ही धैर्य व दूरदर्शिता की जरूरत होती है। चुनावी सफलता पर केंद्रित आज में जीने वाली राजनीति देश बनाना तो दूर, उसे ठीक से चला भी नहीं सकती। इतनी व्यावहारिक समझ जरूरी है कि न तो विपक्ष देश का प्रधानमंत्री चुन सकता है और न ही सत्तापक्ष, प्रतिपक्ष का नेता। इसलिए सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेतृत्व को विघ्नसंतोषियों को दरकिनार कर सीधे संवाद व संपर्क से अहम मुद्दों पर सहमति और समन्वय की राह निकालनी चाहिए।

# हर बार हादसे के बाद जागते हैं जिम्मेदार

**कोचिंग सिटी के व्यस्त इलाके इंद्रविहार में तीन मंजिला रेस्टोरेंट गिरने के बाद जिला प्रशासन और नगर निगम के जिम्मेदारों ने इमारत को अवैध बताया है। सवाल उठता है कि क्या इमारत ढहने से पहले अवैध नहीं थी? दो जनों के मरने के बाद जिम्मेदारों को 10*20 वर्गफीट के छोटे से भूखंड पर तीन मंजिला यह बिल्डिंग अवैध नजर आई है! शहर के कोचिंग इलाकों में ऐसी दर्जनों अवैध इमारतें हैं, जो निगम की निर्माण स्वीकृति के बिना धड़ाधड़ खड़ी हो गई।**

**आशीष जोशी**

निगम के जिम्मेदारों ने भले ही कागजी अनुमति नहीं दी हो, लेकिन उनकी सहमति के बिना शहर में यह जानलेवा इमारतें खड़ी हो ही नहीं सकती। इस मामले में रेस्टोरेंट संचालक और भूखंड मालिक के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई है। अवैध निर्माण रोकने की जिन पर जिम्मेदारी थी, उनके खिलाफ मामला दर्ज होना तो दूर, कोई विभागीय कार्रवाई तक नहीं की गई है। ऐसा कतई संभव ही नहीं है कि संबंधित वार्ड के सफाई प्रभारी को उसके क्षेत्र में अवैध निर्माण या अतिक्रमण की जानकारी ना हो। शहर में अवैध निर्माण रोकने के लिए पूरा सिस्टम बना हुआ है। जिम्मेदारों की पूरी चेन है, लेकिन हादसा होने तक वह चैन से बैठी रहती है।

वार्ड का सफाई प्रभारी, जेईएन, मुख्य सफाई निरीक्षक, डीओ शाखा व जोन उपायुक्त तक सभी आंखें मूंदे बैठे रहे और हादसा हो गया। जब कभी हादसा होता है, यह पूरी चेन जागती है। निगम की टोली कुछ अवैध निर्माण सीज करती है और कुछ दिन बाद ही पुनः संचालन की मौन स्वीकृति भी दे देती है। शनिवार को हुए हादसे के बाद निगम ने आसपास बिना स्वीकृति के बने पांच भवन मालिकों को नोटिस जारी कर दो दिन में गिराने के निर्देश दिए हैं। वहीं दो स्थानों पर भवनों को जेसीबी से तोड़ने व दो अन्य जगह पर पोकलेन मशीन से बेसमेंट खुदाई का काम रुकवा दिया।

हादसे के बाद निगम ने शहर में असुरक्षित और निर्माणाधीन भवनों को चिह्नित करने का काम शुरू किया है। इन भवनों में भूस्वामित्व, आवंटन की श्रेणी, भवन निर्माण स्वीकृति व स्वीकृत नक्शे के अनुरूप निर्माण की जांच की जा रही है। क्षेत्र में मुनादी कर अतिक्रमण हटाने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया जा रहा है। क्या यह काम वर्ष पर्यन्त सतत रूप से नहीं चल सकता? नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 194 में स्पष्ट प्रावधान है कि निर्माण ही नहीं, भवन तोड़ने के लिए भी स्वीकृति जरूरी है। जबकि, हकीकत में निगम से यह स्वीकृति कोई नहीं लेता। फिर किसकी सहमति या मिलीभगत से इमारतों पर बुलडोजर चल रहा है?

## वैराग्य का अर्थ क्या है

**श्रीश्री रवि शंकर**

**चिंतन-मनन**

आप किसी खुशी को बांधकर रख सकते हो? बहुत हंसी खुशी के बाद की उत्तेजना, आवेश कब तक मन में भर सकते हो? असहनीय हो जाएगा। सब से मुक्त हो कुछ देर शांत होकर बैठने का मन करेगा। कभी ऐसा अनुभव हुआ? सुख में भी कष्ट है, जब यह समझ आए तो समझो ज्ञानोदय हुआ। जिस दिन पता चले कि सुख उद्विग्नता और अशांति लाता है उसी दिन आप में वैराग्य का पदार्पण हुआ। अब आपको कुछ मौन और शांति चाहिए। हम अपनी संवेदनशीलता कहीं खो चुके हैं। तभी प्रसन्नता की और अधिक पाने की लालसा बनी रहती है। कुछ और खुशी, कुछ और अच्छा, औरों से बढ़-चढ़ कर प्राप्त हो, यह व्यग्रता बनी रहती है। हम एक व्यग्रता से दूसरी व्यग्रता की ओर जाते रहते हैं। निराशा का दुख भी व्यग्रता है, प्रसन्नता का सुख भी व्यग्रता है। आप इस व्यग्रता के झूले में ही झूलते रहते हैं जीवन संघर्षरत ही रहता है। वैराग्य सुख-दुख से परे- वैराग्य में बड़ी से बड़ी खुशी भी आपको उद्वेलित नहीं कर पाएगी। यही बुद्धत्व है। स्वर्ग का सिंहासन भी मिले, तो भी आप अपनी स्थिरता से डोलेंगे नहीं। यही उपलब्धि है। इस उपलब्धि का रहस्य है, वैराग्य। विधि-विधान और ध्यान विवि सीखी जा सकती है किंतु वैराग्य सीखा नहीं जा सकता। यह तो समय के साथ जीवन में खिलता है अथवा गुरु के सान्निध्य में संभव होता है। इसकी प्राप्ति का कोई अन्य उपाय नहीं। पुस्तकों में नहीं मिल सकता, केवल अनुभव ही वैराग्य प्रदान कर सकता है। इस ग्रह की श्रेष्ठतम ग्रहणीय प्रज्ञा वैराग्य है। किसी को भी विचलित किया जा सकता है किंतु वैराग्य को नहीं। किसी का भी सौदा हो सकता है किंतु वैराग्य का नहीं। वैरागी और स्थित प्रज्ञ विचलित नहीं होते। केवल वैरागी ही सच्ची समृद्धि का धनी है। अन्य किसी को भी लोभ लुभा सकता है, हिला सकता है। अपना मनोविश्लेषण-साधारण व्यक्ति बीस-तीस लाख के लालच में पद्च्युत हो कुछ भी करने को तैयार हो सकता है किंतु वैरागी नहीं। अपना मनोविश्लेषण करो यदि कोई आपको कहे, आप झूठ बोल दो, तो एक करोड़ रुपए मिलेंगे। मन अनेकों तर्क प्रस्तुत कर देगा, उस कृत की वैधता के पक्ष में। इसमें क्या है? हो सकता है, इस झूठ में किसी की भलाई हो, यदि इतना पैसा मिल गया, तो मैं मानव जाति की भलाई में लगा दूंगा, मुझे निज स्वार्थ के लिए नहीं चाहिए, इतने पैसे से मैं पूरे विश्व कल्याण में कुछ योगदान दे सकता हूं। एक बार एक पंडित ने किसी वेश्या को संत कबीर के विषय में कुछ झूठ बोलने को कहा।

## आपके पत्र

### जान है तो जहान है

दुनिया भर की बकवास को छोडकर सर्वप्रथम स्वास्थ्य क्षेत्र में सारा ध्यान केंद्रित किया जाना अनिवार्य है। धर्म, जाति, भाषाएं, राजनीतिक दल, संप्रदाय, देशभक्ति, देश-दुनिया तभी बचे रहेंगे जब तक लोग जीवित रहेंगे, सही सलामत रहेंगे, स्वस्थ रहेंगे। हमारे भारत में भी कौन जाने, कहां, कब, कैसे, किस क्षेत्र में क्या-क्या उन्नति-प्रगति हो रही है। देश की अर्थव्यवस्था विश्व में चौथे नंबर पर पहुंच चुकी है। ये सभी काल्पनिक और आदर्शवादी बातें उन सभी करोड़ों भारतीय नागरिकों की समझ से सर्वथा परे हैं, जो आज भी अपनी दैनिक और विशेषकर स्वास्थ्य संबंधी सैकड़ों समस्याओं से लगातार ही जूझते हुए कुछ चैन, सुकून, शांति व आराम की तलाश कर रहे हैं। स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

**आरती बंसल, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## वेयरहाउस में उपकरणों की उपलब्धता और सीसी टीवी कैमरों की कार्यशीलता की होगी जांच : डीसी



**साहिबगंज :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने समहरणालय स्थित ईभीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में रखे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व प्रबंधन का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से मूल्यांकन किया और सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईभीएम और वीवीपैट मशीनें चुनाव प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इसलिए उनकी सुरक्षा और रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उपायुक्त ने वेयरहाउस में उपकरणों की उपलब्धता और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की। साथ ही, उन्होंने स्टाफ को नियमित अंतराल पर प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया।मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कु एवं राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अकैडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के क्रियान्वयन पर कार्यशाला संपन्न




**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विवि तथा डिपार्टमेंट ऑफ हायर एन्ड टेक्निकल एजुकेशन, झारखण्ड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में नेशनल अकैडमिक डिपॉजिटरी (ठअऊ) एवं अकैडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (अइउ) के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर ने की। कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार के निदेशक सुधीर बड़ा, उप निदेशक डॉ. अजय राज खालको, विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, तथा एसकेएमयू के अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के नेड एवं एबीसी समन्वयक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ. जैनेन्द्र यादव ने स्वागत भाषण दिया तथा कार्यशाला के विषय पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को नेड एवं एबीसी की उपयोगिता से अवगत कराया।

अपने वक्तव्य में उप निदेशक डॉ. अजय राज खालको ने कहा कि नेशनल अकैडमिक डिपॉजिटरी (ठअऊ) के अंतर्गत छात्रों के सभी शैक्षणिक दस्तावेज डिजिटल स्वरूप में सुरक्षित रखे जाते हैं, जबकि अकैडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (अइउ) के माध्यम से छात्रों द्वारा अर्जित क्रेडिट को डिजिटल रूप में संग्रहित किया जाता है। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग पूरे झारखंड में इन दोनों प्रणालियों को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसके लागू हो जाने से छात्र अपने शैक्षणिक दस्तावेज कहीं से भी डाउनलोड कर सकेंगे, जो भविष्य में छात्र दस्तावेजीकरण का प्रमुख माध्यम बनेगा।

उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग की अन्य पहलों का उल्लेख करते हुए विश्वविद्यालय को एसआरसी सेंटर के माध्यम से अधिकाधिक छात्र सेवाओं को ऑनलाइन करने की सलाह भी दी।

दिल्ली से आए नेड एवं एबीसी के तकनीकी विशेषज्ञ श्री रवि पांडेय ने दोनों प्रणालियों के तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी तथा प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया।

तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशक श्री सुधीर बड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग पेपरलेस डॉक्यूमेंटेशन की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नेड एवं एबीसी को विशेष महत्व दिया गया है और इन्हें झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों में लागू करने के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय से आग्रह किया कि छात्रों के अधिकाधिक दस्तावेज विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएं ताकि छात्रों को आसानी से उपलब्ध हो सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि इससे विश्वविद्यालय को नेक मूल्यांकन में भी लाभ मिलेगा।

कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में उच्च शिक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय सरकार की मंशा के अनुरूप नेड एवं एबीसी की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने बताया कि लगभग 7झ्र8 सत्रों के प्रमाणपत्र पहले ही डिजिलॉकर पर अपलोड किए जा चुके हैं। उन्होंने इसे समय की मांग के अनुरूप एक अत्यंत सराहनीय पहल बताया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजीव रंजन शर्मा ने कहा कि ह्लवन स्टूडेंटझ्रवन आईडीह्व की परिकल्पना को अपार आईडी के माध्यम से साकार किया गया है, जो आने वाले समय में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय निदेशालय की सभी पहलों को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु प्रतिबद्ध है तथा जहां कहीं भी क्रियान्वयन में कमी होगी, उसे दूर किया जाएगा।

कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन परीक्षा नियंत्रक डॉ. रीना नीलिमा लकड़ा ने किया, जबकि मंच संचालन की जिम्मेदारी डॉ. इंद्रनील मंडल ने निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में परीक्षा विभाग के कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

कार्यशाला में विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, गैर-शैक्षणिक अधिकारी, तथा सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के एबीसी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी निष्पक्ष और शांतिपूर्ण होनी चाहिए : हेमंत सती



संवाददाता

**साहिबगंज :** नगर निकाय आम निर्वाचन 2026 के सफल व सुचारु संचालन को लेकर आज उपायुक्तझ्रसहझ्रजिला निर्वाचन पदाधिकारी हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निकाय चुनाव से संबंधित विभिन्न तैयारियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा मतपत्र विखंडीकरण बैलेट पेपर ब्रेकअप वर्किंग कॉपी की तैयारी, पीठासीन पदाधिकारी एवं मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण, मतदान प्रक्रिया से जुड़ी तकनीकी एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। साथ ही चुनाव कार्य में संलग्न सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध एवं त्रुटिरहित कार्य संपादन के निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी निष्पक्ष और शांतिपूर्ण होनी चाहिए। इसके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान से पूर्व सभी आवश्यक दस्तावेज, सामग्री एवं व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं।बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती सुनीता किस्कु, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्री अनिल कुमार सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# झामुमो के बोरियो प्रखंड अध्यक्ष बने स्टीफन मुर्मू

## कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर की स्वागत

संवाददाता

**साहिबगंज :** झामुमो की केंद्रीय समिति ने जिले के बोरियो प्रखंड में संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से नए प्रखंड अध्यक्ष की घोषणा की है।केंद्रीय समिति से जारी आधिकारिक कार्यालय आदेश के अनुसार स्टीफन मुर्मू को बोरियो का नया प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय ने आदेश जारी कर इसकी जानकारी दी है।केंद्रीय समिति ने आशा व्यक्त किया कि नए अध्यक्ष स्टीफन मुर्मू अपनी संगठनात्मक कर्मठता का पूर्ण उपयोग करेंगे।उनसे अपेक्षा की गई है कि वे अनुशासन के दायरे में रहकर कार्यकताओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करेंगे और संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेंगे।वही नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष स्टीफन मुर्मू को बोरियो मे झामुमो कार्यकर्ताओ ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।इस दौरान स्टीफन मुर्मू ने कहा की पार्टी ने जिस विश्वास के साथ मुझे ये जो जिम्मेदारी दी है।मैं पूरी ईमानदारी,निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा।इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन,गाण्डेय विधायक कल्पना सोरेन,केंद्रीय प्रवक्ता सह सचिव पंकज मिश्रा,केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय झामुमो जिला अध्यक्ष अरुण सिंह को धन्यवाद दिया है।

# तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन से आरपीएफ ने दो नाबालिग बालकों को किया बरामद



संवाददाता

**साहिबगंज :** मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन और आशिम कुमार कुल्लू, मंडल सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ मालदा के पर्यवेक्षण में, मालदा मंडल की रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के अंतर्गत तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन पर दो नाबालिग बालकों की सुरक्षा सुनिश्चित की।आज प्रातः लगभग 05:20 बजे, नियमित निरीक्षण के दौरान आरपीएफ कर्मियों ने तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-02 साहिबगंज छोर पर दो नाबालिग बालकों को संदिग्ध अवस्था में उद्देश्यहीन घूमते हुए पाया। पूछताछ के दौरान यह ज्ञात हुआ कि दोनों नाबालिग पारिवारिक कारणों से अपने घर से निकल आए थे।बालकों की सुरक्षा एवं कल्याण को दृष्टिगत रखते हुए, *बाल संरक्षण संस्था बाल संरक्षण मंथन, तीनपहाड़ साहिबगंज के प्रतिनिधि की सहायता से उन्हें सुरक्षात्मक अभिरक्षा में लेकर आरपीएफ पोस्ट, बरहरवा लाया गया तथा सभी आवश्यक औपचारिकताएँ पूर्ण करने के उपरांत आगे की देखभाल एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु उक्त संस्था को सौंप दिया गया।ये त्वरित व संवेदनशील कार्रवाई मालदा मंडल आरपीएफ की बाल सुरक्षा एवं यात्री सुरक्षा के प्रति निरंतर सतर्कता और प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

# वार्ड संख्या 14 कि जनता को एक सूत्र मे बांधने का काम करूंगा : पंकज मंडल

संवाददाता

**साहिबगंज :** नगर निकाय चुनाव चिन्ह आवंटित होते ही अध्यक्ष एवं वार्ड परिषद चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी जनता से अपने अपने पक्ष मे मतदान करने कि अपील कर रहे है।वही वार्ड नंबर 14 से चुनाव लड़ रहे पंकज मंडल भी लोगो के बीच अपने पक्ष मे मतदान करने का आशीर्वाद मांग रहे है।पंकज मंडल का कहना है कि उनका एक ही लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं,बल्कि आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है।उनका कहना है कि वार्ड मे शुद्ध पेयजल हर घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन का विस्तार और रख रखाव कि व्यवस्था करना,वार्ड के सभी गलियों और चौराहों पर आधुनिक एलईडी स्ट्रीट लाइट लगवाना,वार्ड मे सुरक्षा को लेकर वार्ड के मुख्य प्रवेश द्वारों और संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जायेगा,सरकारी योजनाओं जैसे राशन कार्ड,वृद्धावस्था पेंशन आयुष्मान कार्ड और आवास योजना जैसी सभी सरकारी सुविधाओं को सीधा लाभ जनता को मिलेगा बच्चों के खेलने और बुजुर्गों के टहलने के लिए वार्ड में उपलब्ध खाली भूमि का सौंदयीकरण और पार्क का निर्माण कराया जायेगा।



पंकज मंडल का कहना है कि उन्हें चुनाव चिन्ह के रूप मे मोतियों का हार छाप मिला है जिस तरह एक एक मोती जुड़ कर हार का रूप बन जाता है उसी तरह वार्ड नंबर 14 कि जनता को एक सूत्र मे बांधने का काम करूंगा।उन्होंने वार्ड कि जनता से मोतियों का हार छाप मे आशीर्वाद देकर विजयी बनाने कि अपील की है।

# पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष और भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज पासवान ने झामुमो का हाथ थामा




संवाददाता

**साहिबगंज :** भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व जिला महामंत्री सह पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्रीनिवास यादव और भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज पासवान ने सोमवार को झामुमो का हाथ थाम लिया। झामुमो के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ नेता श्रीनिवास यादव एवं पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज पासवान ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि श्रीनिवास यादव जुझारू और अनुभवी नेता हैं। उनके झामुमो में आने से साहिबगंज जिले में पार्टी को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के विकास कार्यों से प्रभावित होकर लोग लगातार पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने नगर परिषद चुनाव के संदर्भ में झामुमो समर्थित उम्मीदवार रामनंद पासवान उर्फ छोटू पासवान के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार है और यदि नगर परिषद में भी उनका समर्थित उम्मीदवार जीतता है तो साहिबगंज में डबल इंजन की ताकत से विकास की रफ्तार दोगुनी हो जाएगी। इधर श्रीनिवास यादव ने कहा कि बहुत लंबे समय तक भाजपा के नगर इकाई से लेकर जिला इकाई तक कार्य किया। अब जिला में पार्टी के स्वभाव और विचारधारा से हटकर कार्य हो रहा है। यहां किसी व्यक्ति को खुश करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बहुत प्रताड़ित होकर झामुमो ज्वाइन किया। झामुमो में रहकर जनता के लिए कार्य करेंगे। वहीं मनोज पासवान ने कहा कि राज्य में हेमंत सरकार के विकास कार्यों को देखकर झामुमो ज्वाइन किया है। उन्होंने अपना नैतिक समर्थन रामनाथ पासवान उर्फ छोटू पासवान को दिया। कहा कि बीजेपी में अब योग्यता की पहचान नहीं रही।

# पश्चिमी केबिन पर आरओबी निर्माण के लिए टेंडर जारी




संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के पश्चिमी केबिन एलसी गेट नंबर 82 बी/टी पर लगने वाले लंबे जाम से अब शहरवासियों को जल्द मुक्ति मिलने वाली है। पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के गति शक्ति यूनिट ने इस स्थान पर रोड ओवर ब्रिज निर्माण के लिए आधिकारिक तौर पर ई-टेंडर आमंत्रित किया है। इस ओवरब्रिज के निर्माण पर कुल 50,40,36,271.21 रुपए खर्च किए जाएंगे। टेंडर की शर्तों के अनुसार, ठेका आवंटित होने के बाद निर्माण कार्य को 24 महीनों के भीतर पूरा करना होगा। बोली लगाने की प्रक्रिया 24 फरवरी से शुरू होगी। इच्छुक निविदाकर्ता अपनी बोलियां 10 मार्च दोपहर 3:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। ज्ञात हो कि पिछले दिनों झामुमो केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा के आंदोलन व पत्थर व्यवसायों एवं चैंबर के समर्थन के बाद कई दिनों तक रेल के माध्यम से पत्थर व कोयला लोडिंग बंद होने व इसके बाद रेलवे से हुई वार्ता में कई सहमति ले नतीजा में इसका टेंडर हुआ है।

# आपसी विवाद में चाकू बाजी में दो घायल एक कि मौत

संवाददाता

**साहिबगंज/तीनपहाड़ :** राजमहल थाना क्षेत्र के कल्याणचक में सोमवार को आपसी विवाद में चाकू बाजी में एक कि मौत एक घायल मिली जानकारी के अनुसार सुबह कल्यानचक दुर्गा मंदिर प्रांगण में यात्री को टोटो में चढ़ाने को लेकर दो टोटो चालक दलाही निवासी मंतोष कुमार मंडल और काला बहियार निवासी जमशेद अंसारी के पुत्र में आपसी विवाद हो गया इसके बाद दोनों में कहा सुनी के बाद जमशेद के बेटे ने घर चला गया और कुछ देर अपने भाइयों के साथ फिर दूर्गा मंदिर प्रंगण पहुँच गया और मंतोष के झगड़ा करने लगा इसी दौरान जमशेद के पुत्र के साथ आये दूसरे ने मंतोष पर रॉड और चाकू से वार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया इसी दौरान मंतोष के दूसरे भाई आ गया उसे भी रॉड से वॉर कर दिया गया और सभी भाग गया जिसे आसपास बाकी लोग जमा हो गया और दोनों घायलो को इलाज के लिये अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल ले जाया



गया। जहां इलाज के क्रम में मंतोष की मौत हो गयी।गुस्साए ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

इस घटना के बाद गुस्साए लोगों ने तालझारी तीनपहाड़ मुख्य सड़क को जाम कर दिया इसकी सूचना पर राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँचा पुलिस को देख लोग और उग्र हो गए और पुलिस को घेर लिया और मांग करने लगा कि जब तक आरोपी गिरफ्तार नही होगा जाम नही हटेगा वही थाना प्रभारी द्वारा इसकी जानकारी वरीय अधिकारी को दिया सूचना मिलते ही राजमहल पुलिस इंस्पेक्टर राजीव रंजन तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे राधा नगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, रांगा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार यादव, बोरियो थाना प्रभारी रोहित कुमार, बरहरवा थाना प्रभारी शशि सिंह दल बल के साथ पहुँच कर मामले को शांत करना चाहा लेकिन कोई मानने को तैयार नही सभी का एक ही कहना था कि आरोपी पर करवाई हो। कल्याण चक बाजार में सभी दुकान हुई बन्द कल्यानचक में हुए चाकूबाजी के बाद कल्यानचक के सभी दुकानों को बंद कर दिया गया साथ ही लोगो ने पुलिस प्रसासन के विरोध नारे बाजी भी किया साथ ही कहा कि अगर प्रसाशन करवाई नही करता है तो जाम जारी रहेगा। जबकि बरहरवा डीएसपी नितिन खंडेवाला भी पहुंचे और सभी ग्रामीणों को समझाने बुझाने का काम कर रहे थे मगर कोई कुछ सुनने को तैयार नहीं था सभी का एक ही कहना था आरोपी का गिरफ्तारी होगी उसके बाद ही जाम छूटेगा।



## करोड़ो की प्रॉपर्टी के मालिक बने शाहिद कपूर के भाई ईशान खट्टर, मुंबई के पाली हिल में खरीदा लग्जरी अपार्टमेंट

**शाहिद** कपूर के भाई और होमबाउंड एक्टर ईशान खट्टर इस वक्त सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहे हैं। हालांकि, इस बार वो किसी अपनी फिल्म को लेकर नहीं, बल्कि अपनी एक पर्सनल अचीवमेंट को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में ईशान ने मुंबई के पॉश पाली हिल में एक लग्जरी अपार्टमेंट खरीदा है, जिसकी कीमत करोड़ों में बताई जा रही है।

सीआरई मैट्रिक्स को मिले प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक ईशान खट्टर ने 29.37 करोड़ रुपये में लग्जरी अपार्टमेंट खरीदा है. उन्होंने बांद्रा के पाली हिल में नवरोज प्रेमिसेस को-ऑपरेटिव सोसाइटी के तहत नवरोज अपार्टमेंट्स में यह फ्लैट खरीदा है। अपार्टमेंट का कारपेट एरिया 2,989.05 स्कॉवर फीट है. डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक प्रॉपर्टी कपिल एम. महतानी ने बेची थी और ट्रांजैक्शन 5 फरवरी, 2026 को रजिस्टर्ड हुआ था। ईशान खट्टर ने इस ट्रांजेक्शन पर 1.76 करोड़ की स्टाम्प ड्यूटी दी। डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक, इसमें चार पार्किंग स्पेस भी शामिल हैं।

बता दें, ईशान शाहिद कपूर के सौतेले भाई हैं। उनकी मां नीलिमा अजीम की शादी पहले शाहिद कपूर के पिता व एक्टर पंकज कपूर से हुई थी। हालांकि, सौतेले भाई होने के बावजूद भी ईशान और शाहिद में काफी नजदीकियां हैं। ईशान खट्टर ने साल 2005 में शाहिद कपूर की फैमिली कॉमेडी-ड्रामा वाह! लाइफ हो तो ऐसी! में एक चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर एक्टिंग डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने शाहिद और आलिया भट्ट की 2016 की फिल्म उड़ता पंजाब में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। ईशान ने फिल्म बियॉन्ड द क्लाउड्स में अपना पहला लीड रोल किया, जिसमें उन्होंने 2017 की थ्रिलर में एक यंग ड्रग डीलर आमिर का रोल किया। इसके बाद ईशान 2018 में शशांक खेतान की फिल्म धड़क में जान्हवी कपूर के साथ नजर आए।

## आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म एक दिन में अरिजीत सिंह की आवाज




**साई पल्लवी** और जुनैद खान स्टारर फिल्म एक दिन का टीजर कुछ दिन पहले रिलीज हुआ था और जादुई रोमांटिक थीम और लीड जोड़ी की केमिस्ट्री के लिए इसे खूब प्यार मिला। इस फिल्म को सुनील पांडे ने डायरेक्ट किया है, इसे मंसूर खान, आमिर खान और अपर्णा पुरोहित ने प्रोड्यूस किया है और यह 1 मई को रिलीज होगी!

आमिर खान प्रोडक्शंस ने आधिकारिक तौर पर ऐलान किया है कि अरिजीत सिंह अपनी आवाज अपकमिंग फिल्म एक दिन के लिए देंगे, जिससे इस बहुप्रतीक्षित म्यूज़िकल कोलैबोरेशन की शुरूआत हो गई है। प्रोडक्शन हाउस के मुताबिक, आमिर खान ने खुद अरिजीत सिंह के साथ इस गाने पर काम किया। यह म्यूज़िक सेशन अरिजीत के होमटाउन में हुआ। इससे पहले कयास लगाए जा रहे थे जब अरिजीत सिंह के प्लेबैक सिंगिंग से दूरी बनाने की घोषणा के बाद आमिर खान उनसे मिलने पहुंचे थे। कई लोगों का मानना था कि आमिर उन्हें वापसी के लिए मनाने गए हैं। अब इन अटकलों पर विराम लग गया है, क्योंकि यह मुलाकात वाकई इसी प्रोजेक्ट के लिए थी। अरिजीत सिंह अब एक दिन में अपनी आवाज देने जा रहे हैं। एक बार फिर इस आइकॉनिक जोड़ी को साथ देखने-सुनने को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्सुकता है, खासकर तब जब दोनों पहले कई सुपरहिट गाने दे चुके हैं। सोशल मीडिया पर यह खबर शेयर करते हुए लिखा गया, एक दिन के म्यूज़िक में इतनी भावना और दिल जोड़ने के लिए धन्यवाद अरिजीत।

इसके अलावा एक दिन में साई पल्लवी और जुनैद खान पहली बार साथ नजर आएंगे और दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को लेकर काफी चर्चा है। इस मैजिकल लव स्टोरी में जुनैद एक थोड़े अजीब से लड़के की भूमिका में दिखेंगे, जबकि साई पल्लवी एक नेचुरली कॉन्फिडेंट लड़की के किरदार में नजर आएंगी। टीजर में उनकी जोड़ी की झलक पहले ही देखने को मिल चुकी है, जो फ्रेश और बेहद प्यारी लगती है, और यही वजह है कि यह ऑन-स्क्रीन जोड़ी दर्शकों की नजरों में बनी हुई है।

एक दिन के जरिए आमिर खान लंबे समय बाद निर्देशक-प्रोड्यूसर मंसूर खान के साथ फिर से काम कर रहे हैं। इससे पहले यह आइकॉनिक जोड़ी कयामत से कयामत तक, जो जीता वही सिकंदर, अकेले हम अकेले तुम और जाने तू या जाने ना जैसी यादगार फिल्में दे चुकी है। एक दिन के साथ दोनों एक बार फिर एक रोमांटिक लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं, जो इस फिल्म को खास बनाती है और इसकी झलकियों को लेकर उत्सुकता और बढ़ा देती है। आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी एक दिन में साई पल्लवी और जुनैद खान लीड रोल में हैं। फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे ने किया है और इसे आमिर खान, मंसूर खान और अपर्णा पुरोहित ने प्रोड्यूस किया है। एक दिन 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## दिसानायके ने भारत-पाकिस्तान मैच सुनिश्चित करने के लिए शाहबाज शरीफ को दिया धन्यवाद



**कोलंबो:** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने मंगलवार को आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेट विश्व में हाई-वोल्टेज इंडिया-पाकिस्तान मैच को सुनिश्चित करने के पाकिस्तान के फैसले का स्वागत करते प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को धन्यवाद दिया है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में, दिसानायके ने टूर्नामेंट को जारी रखने की उनकी कोशिशों के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और दूसरी संबंधित अथॉरिटीज का शुक्रिया अदा किया।

उन्होंने लिखा, प्रधानमंत्री शहबाज, आपका धन्यवाद कि आपने यह सुश्निचित किया कि जिस खेल से हम सभी प्यार करते हैं, वह चलता रहे। खुशी है कि कोलंबो में चल रहे टी-20 क्रिकेट विश्व कप में भारत और पाकिस्तान का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा मैच तय समय पर होगा। उन्होंने कहा, टूर्नामेंट के को-होस्ट के तौर पर, श्रीलंका आईसीसी और सभी संबंधित लोगों को उनकी कोशिशों के लिए धन्यवाद देता है।

# दीपिका पादुकोण के पोस्ट पर रणवीर सिंह का कमेंट OHH MOMMA जीत रहा है दिल

**रणवीर** सिंह ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह क्यों परफेक्ट हसबैंड गोल्स हैं। पत्नी दीपिका पादुकोण के लेटेस्ट सोशल मीडिया पोस्ट पर प्यार लुटाते हुए उनका छोटा-सा लेकिन असरदार कमेंट – OHH MOMMA फायर इमोजी के साथ – देखते ही देखते इंटरनेट पर छा गया।

हाल ही में दीपिका पादुकोण ने दुबई में हुए कार्टियर हाई ज्वेलरी गाला से अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कीं। ग्लोबल लग्जरी ब्रांड की एंबेसडर के तौर पर दीपिका ने ब्लैक आउटफिट में बेहद शाही और दमदार अंदाज दिखाया। स्लीक बन हेयरस्टाइल, परफेक्ट मेकअप और हीरे का खूबसूरत नेकलेस व ईयररिंग्स पहने दीपिका



किसी महारानी से कम नहीं लग रही थीं।

ब्लैक लुक के साथ कार्टियर की चमकदार ज्वेलरी ने उनके पूरे अंदाज को इंटरनेशनल फैशन मोमेंट बना दिया। हर तस्वीर में आत्मविश्वास और ग्रेस साफ झलक रही थी, जो उन्हें एक ग्लोबल स्टाइल आइकन साबित करती है। सच में, उनके लिए गॉडेस शब्द ही सबसे सही बैठता है। जहां कई लोग दीपिका की तारीफ कर रहे थे, वहीं रणवीर सिंह का रिएक्शन सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। उनका प्यार भरा और मस्ती भरा कमेंट – डब्लब टडटटअ तेजी से वायरल हो गया और फैंस इस जोड़ी पर फिदा हो गए। एक बार फिर दोनों की शानदार केमिस्ट्री और प्यार सबके सामने आ गया।

कार्टियर की ग्लोबल एंबेसडर के रूप में दीपिका ने दुबई में हुए इस बड़े इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया और इंटरनेशनल मंच पर दमदार फैशन स्टेटमेंट दिया। वहीं रणवीर सिंह धुरंधर की बड़ी सफलता का आनंद ले रहे हैं और धुरंधरः द रिवेंज भी उनकी झोली में है।

जैसे ही सोशल मीडिया पर दिल वाले इमोजी और कपल गोल्स के कमेंट्स की बाढ़ आ गई, रणवीर और दीपिका ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वे क्यों सबसे पसंदीदा पावर कपल्स में से एक हैं–जहां प्यार, ग्लैमर और ग्लोबल स्टारडम सब कुछ साथ चलता है।

## क्या करूं? मेरे पास पैसे नहीं हैं..तिहाड़ जेल जाने से पहले छलका राजपाल यादव का दर्द, चेक बाउंस मामले में किया था सरेंडर



**बॉलीवुड** एक्टर राजपाल यादव इन दिनों कानूनी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। दरअसल, कुछ दिनों पहले एक्टर ने चेक बाउंस मामले में खुद को तिहाड़ जेल में सरेंडर किया था। सरेंडर करने से पहले राजपाल यादव काफी भावुक हो गए और अधिकारियों के सामने उन्होंने अपनी परेशानियों का जिक्र किया।

एक्टर राजपाल यादव ने 2010 में अपनी निर्देशित फिल्म अता पता लापता' के लिए मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड से 5 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल रही, जिससे आर्थिक तंगी आ गया और कर्ज चुकाने में दिक्कत हुई। इसके चलते दिए गए कई चेक बाउंस हो गए. इसके बाद कंपनी ने कानूनी कार्रवाई की।

2018 में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने राजपाल यादव और उनकी पत्नी को धारा 138 के तहत दोषी ठहराया और छह महीने की सजा सुनाई। राजपाल यादव ने फैसले के खिलाफ अपील की और कई बार राहत मांगी। इस दौरान उन्होंने कुछ राशि चुकाई भी। 2025 में 75 लाख रुपये जमा किए, लेकिन बाकी रकम (करीब 9 करोड़ तक पहुंच गई) समय पर नहीं चुकाई जा सकी।

दिल्ली हाई कोर्ट ने 2 फरवरी 2026 को एक्टर को सरेंडर का आदेश दिया। एक्टर ने एक हफ्ते की मोहलत मांगी, लेकिन 4 फरवरी को जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने इसे खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि बार-बार वादे तोड़ने और गंभीरता की कमी दिखाने पर अब कोई नरमी नहीं बरती जा सकती। पॉपुलैरिटी के आधार पर कानून में कोई छूट नहीं मिल सकती। इसके बाद जब राजपाल यादव ने 5 फरवरी 2026 को खुद को तिहाड़ जेल के सुपरिंटेंडेंट के सामने सरेंडर कर दिया और अब उन्हें छह महीने की सजा काटनी होगी। ऐसे में इस दौरान एक्टर भावुक हो गए और अपनी स्थिति बयां कर बोले- सर, क्या करूं? मेरे पास पैसे नहीं हैं। कोई और रास्ता नहीं दिख रहा, यहां सब अकेले हैं, कोई दोस्त नहीं होता। इस मुश्किल से मुझे खुद ही गुजरना होगा।

### संजय मिश्रा ने की बाबिल की जमकर तारीफ, कहा

## एनएसडी वाले यंग इरफान खान जैसे लगते हैं



**भारतीय** फिल्म इंडस्ट्री के सबसे सम्मानित और अनुभवी अभिनेताओं में से एक संजय मिश्रा ने हाल ही में चैट शो के दौरान अभिनेता बाबिल खान की खुलकर तारीफ की।

वह अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म वध 2 के प्रमोशन के सिलसिले में शो पर मौजूद थे। बातचीत के दौरान जब बाबिल का ज़िक्र आया, तो संजय मिश्रा ने उनकी तुलना उनके दिवंगत पिता और दिग्गज अभिनेता इरफान खान से की, जो अपने आप में बड़ी तारीफ मानी जा रही है।

शो पर बात करते हुए संजय मिश्रा ने कहा, बड़ा क्यूट लगता है यार। कभी-कभी यंग इरफान भाई, एनएसडी वाले लगते हैं।

संजय मिश्रा जैसे अनुभवी अभिनेता की यह बात खास मायने रखती है। इरफान खान को भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में गिना जाता है। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के दिनों में भी उनके अभिनय की सच्चाई और गहराई की खूब चर्चा होती रही है। ऐसे में बाबिल की तुलना इरफान खान से होना उनके लिए एक बड़ी सराहना है।

### पाकिस्तान की पुरानी कहानी, एशिया कप से चला आ रहा ड्रामा

# पहले बॉयकॉट का बिगुल बजाते हैं, फिर यू-टर्न मारते है

**नई दिल्ली :** टी20 विश्वकप 2026 का हाईवोल्टेज ड्रामा अब समाप्त हो चुका है। पाकिस्तान ने आखिरकार एलान किया कि वह भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले मैच में खेलने को तैयार है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष ने इतने दावों और गीदड़भभकियों के बाद ऐसा कर-के अपने देश का और खुद का फिर से मजाक बनवा लिया है।

जब एक फरवरी को पाकिस्तान ने बड़े जोश के साथ भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलने की धमकी दी थी, तभी ज्यादातर लोगों ने कह दिया था, इन्हें आखिर में खेलना ही पड़ेगा। महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर उन पहले लोगों में थे जिन्होंने खुलकर कहा कि यह फैसला ज्यादा दिन टिकने वाला नहीं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा था, 'इसमें नया क्या है? हम जानते हैं पाकिस्तान के खिलाड़ी रिटायर होते हैं और चार दिन बाद वापस आ जाते हैं। यहां भी ऐसा ही हो सकता है।' एक हफ्ते बाद वही हुआ।

आप खुद ही सोचिए, एक देश का प्रधानमंत्री संसद में खड़े होकर बहिष्कार का एलान करे और कुछ दिन बाद उसी फैसले से पीछे हटना पड़े। उस देश की कितनी किरकिरी होगी। पाकिस्तान के साथ यही हुआ।सोमवार को पाकिस्तानी सरकार का एक और बयान आया, जिसमें अपने ही फैसले को पलटते हुए कहा गया, 'यह फैसला क्रिकेट की भावना को बचाने के लिए लिया गया है।'




बात सुनने में बहुत अच्छी लगती है, बस दिक्कत यह है कि भावना तब याद आई जब विकल्प लगभग खत्म हो चुके थे।

यह पहली बार नहीं, एशिया कप में पलटे थेः मोहसिन नकवी के दौर में ऐसा पलटना नया नहीं है। पिछले साल एशिया कप में भी यूएई के खिलाफ मैच से पहले बहिष्कार की धमकी दी गई थी।

कहा गया था कि मैच रेफरी ने गलत किया। टॉस से पहले कहानी बदली, बताया गया कि माफी मिल गई। रेफरी वहीं रहे, मैच हुआ, मामला खत्म।

इस बार फर्क सिर्फ इतना था कि सामने भारत था, क्रिकेट की सबसे बड़ी कमाई वाला मुकाबला।

भारत-पाकिस्तान मैच को ब्रॉडकास्ट की दुनिया में सोने की खान माना जाता है। माना जाता है कि यह मुकाबला 200 मिलियन डॉलर से ज्यादा की वैल्यू रखता है।

अब सोचिए, जिस बोर्ड की सालाना कमाई लगभग 35-40 मिलियन डॉलर हो, वह ऐसा मैच छोड़ दे, संभव था क्या?

बांग्लादेश के नाम पर राजनीतिः जब बांग्लादेश ने अपने मैचों को लेकर आपत्ति जताई, तब पाकिस्तान ने इसे सिद्धांत का मुद्दा बताया। कहा गया कि क्षेत्रीय एकजुटता दिखानी है। सुनने में अच्छा था, लेकिन टूनार्मेंट के पहिये भावनाओं से नहीं, लॉजिस्टिक्स और पैसों से चलते हैं। जैसे ही आईसीसी ने साफ किया कि नियम अपनी जगह हैं, पूरा मामला बदलने लगा।

बंद कमरों में क्या हुआः फोन लगातार बज रहे थे। ब्रॉडकास्टर्स, स्पॉन्सर, बोर्ड, सबको जवाब चाहिए था। आईसीसी ने बातचीत के लिए लोगों को लगाया। बांग्लादेश बोर्ड को भी शामिल किया गया। पाकिस्तान की तरफ से ऐसी मांगें सामने आईं जिन्हें मानना लगभग नामुमकिन था, जैसे भारत के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट फिर शुरू कराया जाए या नई सीरीज बना दी जाए। आईसीसी ने विनम्रता से सुना, फिर मना कर दिया।

**फिर रास्ता कैसे निकला? :** आईसीसी ने इतना जरूर कहा कि बांग्लादेश पर कोई सजा नहीं होगी और उसका राजस्व सुरक्षित रहेगा। पाकिस्तान के लिए यही जीत बताने का आधार बन गया। जनता को दिखाने के लिए एक नतीजा मिल गया, भले ही मूल धमकी हवा हो चुकी थी। हंसने की बात है न...

असली सच्चाई यही है कि पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मैच की जरूरत किसी और बोर्ड या काउंसिल से ज्यादा है। पैसे, राजनीति, दर्शक, सब कुछ इससे जुड़ा था। अगर टीम नहीं उतरती तो ब्रॉडकास्टर्स छूट मांगते, स्पॉन्सर नाराज होते और फैंस सबसे पहले सवाल पूछते। इसलिए वापसी तय थी। बस समय का इंतजार था और आखिरकार ठीक वैसा ही हुआ जैसा पहले दिन से कहा जा रहा था। पाकिस्तान खेलेगा।

बयान अब यह है कि बातचीत हुई, न्याय मिला, सिद्धांत बचा लिया गया। तकनीकी रूप से यह सब सही लग सकता है, लेकिन दुनिया ने देखा कि असली धमकी कब खत्म हुई, जब हिसाब लगाया गया।

इस पूरे प्रकरण ने एक बात फिर सामने रख दी, ऊंची आवाज में सिद्धांत की बात करना आसान है, लेकिन जब गणित सामने आता है तो फैसले बदलते देर नहीं लगती। आईसीसी ने राहत की सांस ली, बांग्लादेश जुर्माने से बच गया, पर टूर्नामेंट से बाहर हो गया, और पाकिस्तान वहीं पहुंचा जहां उसे होना ही था...मैदान पर।

**अब आगे क्या? :** 15 फरवरी को जब टीमें उतरेंगी तो स्टेडियम भरा होगा, टीवी रेटिंग आसमान छुएगी। लोग चौके-छक्के याद रखेंगे, यह हफ्ते भर का ड्रामा नहीं, लेकिन पर्दे के पीछे की कहानी दर्ज हो चुकी है।

वो कहावत है न, 'कोयला होय न ऊजलौ, सौ मन साबुन लाय।' यानी फितरत बदलना आसान नहीं होता। इसलिए अगर भविष्य में फिर कभी पाकिस्तान की ऐसी कोई नई धमकी, नया बहिष्कार या नया अल्टीमेटम सुनाई दे, तो दुनिया शायद उतनी हैरान नहीं होगी।

लोग पहले ही मानकर चलेंगे कि यह स्क्रिप्ट का हिस्सा है, अंत में पाकिस्तान का यू-टर्न तय है। सबसे बड़ा नुकसान यही है।

## ठेकेदार को घर से बाहर बुलाकर सिर-सीने में दागी गोलियां, अपराधी फरार

**पटना :** बिहार में अरवल जिले के तेलपा थाना क्षेत्र में अपराधियों ने सोमवार को एक ठेकेदार की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अंधराचक गांव में अपराधियों ने भवन निर्माण ठेकेदार संजय पंडित (45) की गोली मार कर हत्या कर दी।

मिली जानकारी केअनुसार, मृतक संजय पंडित महावीरगंज गांव का स्थाई निवासी था। वर्तमान में वह देवकुंड में मकान बनाकर रह रहा था। इसके अलावा अंधराचक गांव में भी उसका मकान था, जहां वह पहले पॉल्ट्री फार्म का व्यवसाय किया करता था। अभी वह ग्रामीण क्षेत्रों में निजी भवन निर्माण का ठेका लेने का काम किया करता था। सूत्रों ने बताया कि संजय पंडित सोमवार को अपने अंधराचक स्थित मकान में पहुंचकर सफाई कर रहा था। इस दौरान एक ऑटो रिक्शा और बाइक पर सवार होकर अपराधी वहां पहुंचे। इसके बाद अपराधियों ने संजय पंडित को घर से बाहर बुलाया और सिर तथा सीने में गोली मार कर उसकी हत्या कर दी।

इधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। अनुसंधान के क्रम में पुलिस को घटनास्थल से दो खाली खोखा मिला है। FSL की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की है। शव को पोस्टमॉटर्म के लिये भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## संसद और नौ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, ईमेल में लिखा, अफजल गुरु की याद में दिल्ली बनेगा खालिस्तान



**नई दिल्ली:** दिल्ली में चल रहे संसद के बजट सत्र के बीच सोमवार को बम धमाके की धमकी दी गई। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद पूरे दिल्ली-एनसीआर में अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली के स्कूलों को मिले ईमेल में लिखा है कि 13 फरवरी को दोपहर 1.11 बजे भारतीय संसद के अंदर विस्फोट होगा। धमकी की सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस, दमकल कर्मियों और बम निरोधक दस्ते के साथ मौके पर पहुंच गई और तलाशी अभियान शुरू किया। ईमेल में लिखा है, आज शहीद अफजल गुरु की याद में दिल्ली बनेगा खालिस्तान। दोपहर 1.11 बजे स्कूलों में धमाका होगा।

हिंदुस्तानी संसद में 13 फरवरी को 1.11 बजे बम चलेगा। नरेंद्र मोदी, अमित शाह और एस जयशंकर खालिस्तान वालों के दुश्मन हैं। पंजाब होगा खालिस्तान। ईमेल के नीचे खालिस्तान नेशनल आर्मी लिखा हुआ है, जिसमें गुरांख सिंह और रुकन साहवाला का नाम लिखा है। पुलिस ने तकनीकी मदद से ईमेल भेजने वाले की तलाश शुरू कर दी है।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामला : ईडी अब अनिल अंबानी की पत्नी टीना से करेगी पूछताछ, भेजा जाएगा नया समन



**नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जल्द ही रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी की पत्नी टीना अंबानी को मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ के लिए नया समन जारी करेगा। इस बात की जानकारी अकिकारियों ने मंगलवार को दी।

फिल्म अभिनेत्री रह चुकीं टीना को एजेंसी ने सोमवार को पेश होने के लिए कहा था, लेकिन वह पेश नहीं हुईं। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी उन्हें फिर से बुलाएगी। माना जा रहा है कि उन्हें न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में एक लग्जरी कॉन्डोमिनियम खरीदने से जुड़े मनी ट्रेल के बारे में पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

ईडी ने हाल ही में इस मामले में आरकॉम(रिलायंस कम्युनिकेशन) के पूर्व प्रेसिडेंट पुनीत गर्ग को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप के खिलाफ कथित बैंक फ्रॉड और उससे जुड़ी वित्तीय गड़बड़ियों के कई मामलों की जांच के लिए एक एसआईटी बनाई है।

## ई जो हल्ला कर रही है, क्या जानती है? नीतीश कुमार ने राबड़ी देवी की लगा दी क्लास



**पटना:** बिहार विधान परिषद की कार्यवाही के दौरान मंगलवार को उस समय माहौल गर्म हो गया, जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्षी दलों के शोरगुल और नारेबाजी पर भड़क उठे। उन्होंने बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी की ओर इशारा करते हुए कहा कि जो लड़की है, कुछ काम की है? नीतीश कुमार ने आगे कहा-इसके जब वो (लालू प्रसाद) हट गए तो इसी को बना दिया। इन लोगों ने कुछ काम नहीं किया। दरअसल, सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्षी पार्षद लगातार नारेबाजी कर रहे थे, जिससे कार्यवाही बार-बार बाधित हो रही थी। इस पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी सीट से खड़े हो गए और विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि सदन में केवल हंगामा किया जा रहा है, जबकि काम की बात कोई नहीं कर रहा।

**ई जो हल्ला कर रही है, क्या जानती है? :** नीतीश अपनी जगह से खड़े हुए और विपक्षी एमएलसी को जमकर सुनाने लगे। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि तुम लोग कुछ काम किए हो। सिर्फ हल्ला करना जानते हो और यह तीन लोग जो महिला है वह हल्ला कर रही है, वह क्या जानती है? उन्होंने कहा कि 15 वर्षों के शासनकाल में विपक्ष ने बिहार को पीछे धकेल दिया, जबकि वर्तमान सरकार ने सत्ता में आने के बाद विकास के लिए व्यापक स्तर पर काम किया।

नीतीश कुमार ने राबड़ी देवी की तरफ इशारा करते हुए कहा - ई जो लड़की (राबड़ी देवी) हैं, वह कुछ काम की है? इसके वो (पति-लालू प्रसाद) जब हट गए तो इसी को बना दिया। नीतीश कुमार ने कहा कि 15 साल में ई लोग कुछ नहीं किया। पहले कुछ था यहां। लेकिन जब हमलोग आए तो मिलकर कितना काम किए।

# तेज रफ्तार बस ने सड़क पर मचाया तांडव उड़े कार के परखच्चे, दो की दर्दनाक मौत




**मुजफ्फरपुरः** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में मंगलवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां एक तेज रफ्तार यात्री बस और कार की आमने-सामने टक्कर में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

मिली जानकारी के अनुसार, पारू थाना क्षेत्र के लालू छपड़ा चौक के पास की है। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार में आ रही यात्री बस ने सामने से आ रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही कार में सवार दोनों लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बस भी हादसे में क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद बस का चालक और उप चालक मौके से फरार हो गए। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया।

इधर सूचना मिलने पर पारू थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और हालात को संभाला। पुलिस ने कार में फंसे शवों को बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस और कार को सड़क से हटवाकर यातायात को बहाल कराया। फरार चालक और उप चालक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## पिकअप की टक्कर से इंटर स्टूडेंट की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**सीतामढ़ीः** बिहार के सीतामढ़ी जिले से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आ रही है। यहां इंटर का पेपर देने जा रहे छात्र की सड़क हादसे में मौत हो गई। वहीं इस हादसे की खबर सुनकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक को मारी टक्करः मिली जानकारी के अनुसार, जिले के पुनौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुबन बाईपास मेन रोड की है। मृतक की पहचान विजय झा के पुत्र मोहित कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मधुबन बाईपास पर एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उसकी बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोहित ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

इधर हादसे के बाद इलाके में भारी अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुनौरा थानाध्यक्ष दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचना दे दी। वहीं घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

**सीतामढ़ीः** बिहार के सीतामढ़ी जिले से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आ रही है। यहां इंटर का पेपर देने जा रहे छात्र की सड़क हादसे में मौत हो गई। वहीं इस हादसे की खबर सुनकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक को मारी टक्करः मिली जानकारी के अनुसार, जिले के पुनौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुबन बाईपास मेन रोड की है। मृतक की पहचान विजय झा के पुत्र मोहित कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मधुबन बाईपास पर एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उसकी बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोहित ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

इधर हादसे के बाद इलाके में भारी अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुनौरा थानाध्यक्ष दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचना दे दी। वहीं घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

### वकील बनीं बंगाल की सीएम ममता बनर्जी को सुप्रीम कोर्ट से झटका

# एसआईआर में कोई रुकावट नहीं की जाएगी बर्दाश्त

### बंगाल में दस्तावेजों की जांच के लिए समय सीमा एक सप्ताह बढ़ाई गयी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को पश्चिम बंगाल के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) मामले पर सुनवाई हुई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के अन्य नेताओं की याचिकाओं पर यह सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में दस्तावेजों की पड़ताल और फाइनल वोटर लिस्ट की समयसीमा को 1 हफ्ते बढ़ाया। पहले फाइनल वोटर लिस्ट जारी करने की डेडलाइन 14 फरवरी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार सुनिश्चित करें कि उसकी ओर से उपलब्ध कराए गए 8505 ग्रुप बी के अधिकारी कल शाम 5 बजे तक निर्वाचन अधिकारी (निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी) को रिपोर्ट करें। ईसीआई चाहे तो अपने अधिकारियों की जगह इन अधिकारियों की सेवा ले सकता है।

कोर्ट ने साफ किया कि माइक्रो ऑब्जर्वर या ग्रुप बी के अधिकारियों की भूमिका सिर्फ ईआरओ को सहयोग करने की रहेगी। वोटर लिस्ट पर अंतिम फैसला ईआरओ ही लेंगे।

चुनाव आयोग की ओर से कोर्ट को शिकायत की गई कि ऑब्जेक्शन फॉर्म जलाने वाले लोगों के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं की है। कोर्ट ने इस पर राज्य के डीजीपी को कारण बताओ नोटिस जारी किया। कोर्ट ने कहा कि डीजीपी




हलफनामा दाखिल करें।

वहीं, सुनवाई के दौरान याचिकाकताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्र उदय सिंह ने कहा कि नोटिस के जवाब पर चर्चा होनी चाहिए। शुरूआत में वकीलों की दलीलों में तालमेल न होने से चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) सूर्यकांत नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि सब एक साथ बोल रहे हैं और एक-दूसरे की बात काट रहे हैं, जिससे सुनवाई करना मुश्किल हो रहा है। इसके बाद ममता बनर्जी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दिवान ने दलीलें शुरू कीं।

सीजेआई ने पिछली सुनवाई का जिक्र करते हुए पूछा कि क्या ड्राफ्ट में 70 लाख मतदाताओं के नामों में स्पेलिंग मिसमैच है। साथ ही मैनपावर की कमी के कारण चुनाव आयोग को माइक्रो-ऑब्जर्वर्स लगाने पड़े थे। श्याम दिवान ने बताया कि राज्य सरकार ने 8,500 अधिकारियों की व्यवस्था कर ली है। सीजेआई ने चुनाव आयोग से पूछा कि क्या आपको इन अधिकारियों की सूची मिल गई है। आयोग के वकील ने कहा कि अभी तक कोई नाम नहीं मिला है। सीजेआई ने टिप्पणी की कि 4 या 5 फरवरी को ही नाम भेजे जा सकते थे। दिवान ने कहा कि डेटा भेज दिया गया था और आयोग से पुष्टि मांगी गई थी, उसके बाद पूरा विवरण भेजा जाता। सीजेआई ने कहा कि राज्य सरकार को तुरंत सूची भेजनी चाहिए थी, कोर्ट के माध्यम से नहीं। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से कहा कि आयोग ने कभी ग्रुप-बी अधिकारियों की मांग नहीं की थी। यह सुझाव कोर्ट से आया था, इसलिए विवरण जुटाने में समय लगा। दिवान ने दोहराया कि सूची सौंप दी गई है, लेकिन आयोग ने इनकार किया। सीजेआई ने ईमेल चेक करने को कहा और पूछा कि क्या सूची में नाम, पदनाम, संपर्क और क्षेत्र दिए गए हैं।

# ईमामी हेल्दी एंड टेस्टी फ्रेश चक्की आटा मैदा, सूजी और बेसन का झारखंड- में प्रवेश

### गुणवत्ता, भरोसा और हर खाद्य में स्वाद की खुशियों के साथ अगले 3-5 वर्षों में राष्ट्रीय स्तर पर बिक्री में रु. 2000 करोड़ का लक्ष्य

**कोलकाताः** ईमामी एग्रोटेक लिमिटेड, रु. 30,000 करोड के ईमामी ग्रुप की रु. 20,000 करोड़ की खाद्य तेल, खाद्य और बायो-डीजल उत्पादन कंपनी है। इस संस्था ने आज ईमामी हेल्दी एंड टेस्टी फ्रेश चक्की आटा, मैदा, सूजी और बेसन को पेश करते हुए बिहार और झारखंड के ब्रांडेड स्टेपल्स बाजार में अपने प्रवेश की घोषणा की है। इस कंपनी ने ब्रांडेड स्टेपल्स कैटेगरी के जरिये रसोई के आवश्यक सामानों के बाजार में यह विस्तार किया है। भारत में ब्रांडेड स्टेपल्स का बाजार लगभग रु. 80,000 करोड़ से भी अधिक का है। अगले 3-5 वर्ष तक पूरे देश के खाद्य बाजार में रु. 2,000 करोड़ से भी अधिक के कंपनी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए यह विस्तार किया गया है।

कंपनी ने पिछले वर्ष ही बंगाल के स्टेपल्स बाजार में प्रवेश किया है। कंपनी के फूड बिजनेस को अपने कुशल नेतृत्व से संभालने वाले श्री विभास वी. अग्रवाल, डायरेक्टर, ईमामी ग्रुप ने कहा यह सिर्फ किसी कैटेगरी में प्रवेश तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सोच समझकर लिया गया फैसला है। हम हर भारतीय के रोज के जीवन को गुणवत्ता, भरोसा और किफायती कीमतों के उत्पाद के साथ ह्यस्वाद की खुशियों से भर देना चाहते हैं। श्री अग्रवाल ने आगे कहा खाद्य का महत्व सिर्फ. खाने तक नहीं है - इसके साथ




भावनाएं जुड़ी हुई हैं। इस उत्पाद की शुरूआत के साथ हम पैंट्री सहित भारतीय रसोई में भी अपनी पहचान बनाना चाहते हैं। हम खाद्य से जुड़ी रोज की परंपरा, पारिवारिक भोजन और आहार से संबंधित भावनात्मक बंधन का एक अहम हिस्सा बनना चाहते हैं।

भारत में ब्रांडेड स्टेपल्स की मांग लगातार बढ़ रही है। इसका कारण है कि ग्राहक लूज और अन्ब्रांडेड विकल्पों की तुलना में स्वच्छ, पैकेज्ड प्रोडक्ट्स को पसंद कर रहे हैं। और इस यात्रा की शुरूआत के लिए यह सबसे उपयुक्त समय है। ईमामी एग्रोटेक लिमिटेड के पास मजबूत और प्रतिष्ठित डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और डिजिटली संचालित सप्लाई चेन है। इसकी मदद से बेहतरीन गुणवत्ता के प्रोडक्ट्स और ब्रांड की शानदार पहचान के साथ हम इस अवसर का लाभ उठाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

बेहतरीन गुणवत्ता के गेहूं से तैयार ईमामी हेल्दी एंड टेस्टी फ्रेश चक्की आटा 100% शुद्ध गेहूं का आटा है। इसमें शून्य मैदा या आर्टिफिशियल प्रिजर्वेटिव्स हैं। इसने रोटी बनाने के घंटो के बाद 3-फिंगर सॉफ्टनेस टेस्ट में सफलता हासिल की है। ये नरम, फूली हुई रोटियाँ प्रोटीन, फाइबर और इ विटामिन्स के पौष्टिक गूणों से भरपूर हैं। साफ-सुथरी, पारंपरिक पत्थर की चक्की से पीसने के कारण इनमें प्राकृतिक गेहूं के गुण और ताजी रोटियों की असली खुशबू बरकरार रहती है।

ईमामी हेल्दी एंड टेस्टी मैदा और सूजी - ये दोनों ही बेहतरीन गुणवत्ता के गेहूं से तैयार किए जाते हैं। इससे उत्कृष्ट, शुद्ध मैदा और ताजी सूजी का उत्पादन होता है। चमकदार सफेद रंग सहित मैदा के महीन रूप से बढ़िया और मुलायम लोई तैयार होती है जो कि समोसा, पराठा और पूरियां बनाने के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। इसके साथ प्रोटीन और डायटरी फाइबर के गुणों से भरपूर सूजी भी उपमा, हलवा, लड्डू जैसे मशहूर भारतीय व्यंजन और अन्य पारंपरिक व्यंजनों के लिए उपयुक्त है। ईमामी हेल्दी एंड टेस्टी बेसन के कुरकुरेपन और शानदार स्वाद से ग्राहकों को मिलता है हर पकवान में एक शानदार एहसास। इससे हर बार सुनहरे रंग के पकौड़े और तले हुए पकवान बनते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि बेसन से बने हर पकवान की जान इसका स्वाद है, इस नई पेशकश ने फ्लेवर पर अधिक महत्व दिया है। इसका टैगलाइन है नया बेसन, नया स्वाद । ईमामी हेल्दी और टेस्टी बेसन में कम मात्रा में तेल सोखने की अनोखी विशेषता है। इसलिए यह मनपसंद स्नैक्स और रोज की रसोई के लिए एक स्वस्थ विकल्प है। सन 2010 में अपनी शुरूआत से ही ईमामी एग्रोटेक के हेल्दी एंड टेस्टी ब्रांड ने अपने खाद्य तेल की बुनियाद से आगे बढ़ते हुए रसोई के एक भरोसेमंद साथी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। कंपनी ने विभिन्न कैटेगरीज में नए उत्पाद पेश किए हैं जैसे मसाले (मंत्रा) और सोया चंक (एडवांस)। प्रोडक्ट की गुणवत्ता, पैकेजिंग से मार्केटिंग तक, ईमामी हेल्दी एंड टेस्टी ने हमेशा अपने ग्राहकों को सालों से दिया है एक आधुनिक, जीवंत और खुशनुमा एहसास। ईमामी हेल्दी एंड टेस्टी किचन स्टेपल प्रोडक्ट्स बिहार और झारखंड में निम्नलिखित पैक साइज और कीमतों पर उपलब्ध होंगेः 1 किलो, 5 किलो और 10 किलो आटे के पैक की कीमत रु. 56, रु. 280 और रु 530; 500 ग्राम मैदे के पैक की कीमत रु. 38; 200 ग्राम और 500 ग्राम सूजी के पैक की कीमत रु. 17 और रु 40 एवं 200 ग्राम और 500 ग्राम बेसन के पैक की कीमत रु. 30 और रु. 80। इन उत्पादों के लॉन्च के दौरान डिजिटल और इन-स्टोर पवॉइंट-ऑफ परचेज में एक दमदार मार्केटिंग कैम्पेन चलाया जाएगा। इस मार्केटिंग कैम्पैन को खुशियां, गुणवत्ता और आधुनिक भारतीय घरों की परंपरा के अनुसार तैयार किया जाएगा।

न्यूज IN ब्रीफ

## 13 वर्षों से फरार हत्या का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**सिमडेगा :** कोलेबिरा थाना क्षेत्र में वर्ष 2013 में घटित हत्या के एक मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 13 वर्षों से फरार चल रहे हत्या के आरोपी को पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।
जानकारी के अनुसार, वर्ष 2013 में कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेसराजारा डूमरटोली गांव में डायन बिसाही के आरोप में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में नामजद अभियुक्त वाल्टर लुगुन, फुलजेंस लुगुन एवं जस्टिन लुगुन को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था। वहीं, अन्य अभियुक्त दाउद लुगुन घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था।
फरार अभियुक्त दाउद लुगुन के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा स्थायी (लाल) वारंट निर्गत किया गया था। पुलिस अधीक्षक सिमडेगा के निर्देश पर गठित टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर आज दिनांक 09 फरवरी 2026 को अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।
गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है।

## धनबाद सिंफर में रॉकनम-2026 का आयोजन



**धनबाद :** जैसे-जैसे खनन का काम गहराई में जा रहा है, वैसे-वैसे सुरक्षा और स्थिरता की चुनौतियाँ भी बढ़ती जा रही हैं. भूमिगत खदानों में चट्टानों का व्यवहार समझना और वैज्ञानिक तरीके से खदान का डिजाइन तैयार करना आज समय की सबसे बड़ी जरूरत बन चुकी है. खनन में छोटी सी चूक भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है.
ऐसे में आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक समझ के जरिए खदानों को सुरक्षित बनाना बेहद जरूरी है. इसी विषय पर विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों और खनन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव और विचार साझा किए. सीएसआईआर केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (उरक्क्रु-उक्टत्र्क्र), धनबाद में पांच दिवसीय कार्यकारी विकास कार्यक्रम रॉक मेकैनिक्स और न्यूमेरिकल मॉडलिंग आयोजित किया गया है. इसमें देशभर से खनन कंपनियों 34 प्रतिनिधि शामिल हुए. इनमें कई प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हैं. यह आयोजन सुरक्षित और वैज्ञानिक खनन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है.
विशेषज्ञों ने बताया कि आज के दौर में केवल पुराने तरीकों से खनन करना पर्याप्त नहीं है. गहरी खानों, जटिल भू-रचनाओं और बढ़ते दबाव के कारण नई तकनीकों को अपनाना अनिवार्य हो गया है. रॉक मेकैनिक्स और न्यूमेरिकल मॉडलिंग जैसी वैज्ञानिक विधियाँ खदानों में सुरक्षा, बेहतर ग्राउंड कंट्रोल और टिकाऊ खनन के लिए अहम भूमिका निभा रही हैं.
खान सुरक्षा महानिदेशालय के उपमहानिदेशक मुरलीधर बिड़ारी ने कहा कि आधुनिक खनन में जोखिम का पहले से आकलन करना और हादसों को रोकने के उपाय अपनाना बेहद जरूरी है. उन्होंने बताया कि खनन से जुड़े नियम समय के साथ बदले हैं और आज के नियम विकसित भारत 2047ह्व के लक्ष्य के अनुरूप सुरक्षित और जिम्मेदार खनन को बढ़ावा देते हैं.
सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के निदेशक प्रो. अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि खनन भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है. ऊर्जा, उद्योग और बुनियादी ढांचे के लिए खनन पर देश की बड़ी निर्भरता है. भविष्य में खनन का बड़ा हिस्सा भूमिगत होगा, ऐसे में वैज्ञानिक समझ और आधुनिक तकनीक के बिना सुरक्षित खनन संभव नहीं है. वहीं, प्रो. डीडी मिश्रा, अध्यक्ष, अनुसंधान परिषद, सीएसआईआर-सीआईएमएफआर ने कहा कि आज की गहरी और जटिल खदानों में सुरक्षित और टिकाऊ डिजाइन के लिए रॉक मेकैनिक्स और न्यूमेरिकल मॉडलिंग का सही उपयोग जरूरी है. इसमें केवल किताबों का ज्ञान नहीं, बल्कि जमीनी अनुभव भी उतना ही जरूरी है.

## रक्तदान करने वालों को मिलेगा पौधा

**जमशेदपुर :** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल द्वारा बुधवार को पीड़ित की सहायता के लिए जमशेदपुर ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। आनंद मार्ग के सुनील आनंद ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, दूसरे की जीवन बचाने के लिए रक्त दान करने वालों को पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए पौधा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## आरपीएफ ने दो नाबालिग लड़की रेलवे चाइल्ड लाइन को सौंपा

**जमशेदपुर :** टाटानगर स्टेशन से गुजरने वाली आनंद विहार पुरी नीलांचल एक्सप्रेस की जनरल कोच से आरपीएफ के जवानों ने हिजली स्टेशन पर एक नाबालिग लड़की को बरामद किया है। आरपीएफ के अनुसार, नाबालिग परिजनों को बिना बताए घर से निकली थी। दूसरे नाबालिग को प्लेटफार्म नंबर पर एक से बरामद कर रेलवे चाइल्ड लाइन को सौंप दिया, जहां से कानूनी कार्रवाई के बाद दोनों नाबालिग परिजनों को सौंपी जाएगी।

## मौरबेड़ा पहुंचा हाथियों का दल, दहशत में ग्रामीण

**चाकुलिया :** चाकुलिया प्रखंड में हवाई पट्टी क्षेत्र से सटे बड़ामारा पंचायत के मौरबेड़ा गांव के पास मंगलवार की भोर में जंगली हाथियों का एक दल आ पहुंचा है। फिलहाल हाथी पास के जंगल में शरण लिए हुए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक इस दल में करीब आठ हाथी हैं। हाथियों के आने से मौरबेड़ा तथा उसके आसपास के गांवों के ग्रामीणों में दहशत है। क्योंकि हाथी दिनभर जंगल में रहते हैं और शाम होते ही जंगल से निकल कर गांवों में घुस कर भारी उपद्रव मचाते हैं। साल जंगलों से घिरा यह इलाका सर्वाधिक हाथी प्रभावित है।

# सभी मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहनी चाहिए : उपायुक्त

संवाददाता

**दुमका :** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
बैठक के दौरान उपायुक्त श्री सिन्हा ने निर्देश दिया कि निर्वाचन से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों पर ह्लनो वर्क, नो पेह्व के सिद्धांत के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी कोषांगों को निर्देशित किया कि वे अपनी-अपनी जिम्मेदारियों से संबंधित एक विस्तृत चेकलिस्ट तैयार कर लें, ताकि किसी भी स्तर पर कोई कार्य छूट न जाए।
उपायुक्त श्री सिन्हा ने निर्देश दिया कि मेडिकल बोर्ड का गठन कर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं वाले कर्मियों के मामलों को नियमानुसार बोर्ड में भेजा जाए। सामग्री कोषांग द्वारा जानकारी दी गई कि निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक सामग्री प्राप्त हो चुकी है। साथ ही मतदान दलों के लिए खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा पोलिंग पार्टी का रूट प्लान पूर्व से तैयार रखने का निर्देश दिया गया।



उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बिजली सहित न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहनी चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी आवश्यक मानकों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश भी दिया गया।
उपायुक्त श्री सिन्हा ने यह भी निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग को सभी आवश्यक प्रतिवेदन ससमय भेजना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वॉड टीम) कार्यरत हैं तथा सुरक्षा बलों की टैगिंग कर दी गई है। सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।
इसके अतिरिक्त, उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि रात्रि 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से किसी भी प्रकार का प्रचार-प्रसार न हो, इसे सख्ती से लागू कराया जाए।

# हिजला मेला की तैयारी को लेकर हुई बैठक



संवाददाता

**दुमका :** राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव : 2026 की तैयारियों को लेकर जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने सोमवार को हिजला मेला परिसर में सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मेला की विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।
बैठक में जानकारी दी गई कि मेला का उद्घाटन 13 फरवरी को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया जाएगा। मेला के दौरान आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु कला दल का चयन कर लिया गया है।
उपायुक्त श्री सिन्हा ने कृषि प्रदर्शनी को और अधिक उपयोगी बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि इसमें स्ट्रॉबेरी, मशरूम एवं दलहन पर विशेष फोकस किया जाए। बताया गया कि मेला में लगभग 100 स्टॉल बनाए गए हैं।
स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेला अवधि के दौरान 247 स्वास्थ्य शिविर संचालित किया जाएगा। इसके साथ ही 108 एम्बुलेंस सेवा एवं मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।
भवन प्रमंडल द्वारा जानकारी दी गई कि मेला परिसर में रंगाई-पुताई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वहीं, नगर परिषद द्वारा मेला परिसर की साफ-सफाई हेतु पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी तथा मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में डस्टबिन लगाए जाएंगे।
उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मेला परिसर में पेयजल की समुचित व्यवस्था, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, तथा सभी विद्युत तारों एवं उपकरणों की जांच सुनिश्चित की जाए।जानकारी दी गयी कि मेला क्षेत्र में कुल 21 स्थायी एवं 24 अस्थायी शौचालय उपलब्ध रहेंगे।
इसके अतिरिक्त परिवहन एवं पार्किंग व्यवस्था, मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में साइनेज लगाने, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना एवं सतत मॉनिटरिंग, तथा तोरण द्वारों की मजबूती एवं विद्युत सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।
इससे पूर्व उपायुक्त द्वारा सम्पूर्ण मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया।
इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने कहा कि स्थानीय लोगों के सहयोग से मेला का आयोजन बेहतर एवं सुरक्षित ढंग से किया जाएगा।

### नगर निकाय चुनाव 2026 : राजू प्रसाद कसेरा जिनका मूल मंत्र है

# वार्डवासी और मतदाता विश्वास और आत्म बल है मेरा

संवाददाता

चक्रधरपुर नगर परिषद अधीन वार्ड संख्या 4 से प्रत्याशी राजू प्रसाद कसेरा अपने बेहतर और जनप्रिय कार्यों से पहचाने जाते हैं सामाजिक गतिविधियों में उनके सहभागिता एवं जनहित में किए गए कार्य उन्हें लोकप्रिय और जनप्रिय बनाया है राजू प्रसाद कसेरा केवल वार्ड संख्या 4 ही नहीं बल्किइन्हें पूरे शहर के लिए एक ऐसा नाम है जो अपनी जनता सहभागिता और समस्याओं के निराकरण हेतु हमेशा उपलब्ध रहने के साथ-साथ उसके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करते हैं यही नहीं चक्रधरपुर में रेलवेस्टेशन के निकट गरीब असलाचार और रात्रि बेला में भूखे सोने वालों की सुधि लेते हुए उन्होंने रोटी बैंक की स्थापना कर उन्हें राहत पहुंचा और यह मुहिम इतना कारगर और जानदार तथा लोकप्रिय हुआ कि आप प्रतिदिन रात्रि 7:00 से लेकर 8:30 बजे तक ऐसे लोगों के बीच आज भी प्रतिदिन भोजन उपलब्ध कराई जाती है विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़ने के साथ-साथ हुए जन सुविधाओं और जन समस्याओं के निराकरण हेतु भी हमेशा जुड़े रहते हैं श्री कसेरा



मेधावी लोगों को प्रोत्साहन कलाकारों के बीच उनका मनोबल बढ़ाने के लिए वह स्वयं उपस्थित होकर उन्हें पुरस्कृत भी करते हैं जिससे कि इनमें कला और संस्कृति का प्रतीक और उत्साह तथा लगन यथावत बना रहे तथा इन लोगों में निरंतर उत्साह उत्पन्न होराजू कसेरा वार्ड संख्या 4 से वार्ड पार्षद के प्रत्याशी हैं तथा उन्हें चुनाव चिन्ह बेबी वाकर मिला है इस चुनाव चिन्ह को लेकर श्री कसेरा के समर्थक मित्रगण और शुभचिंतक काफी उत्साहित है उनका मानना है कि क्या चुनाव चिन्ह श्री कसारा के लिए काफी महत्वपूर्ण और उपयोगी भी है क्योंकि वार्ड संख्या चार में होगी उनकी जीत और बनेगा इतिहास यादगार।

## जुगसलाई में बकाया टैक्स वसूली का अभियान शुरू

**जमशेदपुर :** जुगसलाई नगर परिषद के कर्मचारियों ने विभिन्न वार्डो में बकाया टैक्स वसूली का अभियान शुरू किया है। कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान के आदेश पर बिना ट्रेड लाइसेंस के व्यापार करने वाले दुकानदारों की पहचान कर नगर परिषद से लाइसेंस लेने का सुझाव दिया गया जबकि बकाया होल्डिंग टैक्स और वॉटर टैक्स जमा करने की नोटिस घर-घर जाकर दी जा रही है। नगर परिषद के अनुसार, बकाया टैक्स जमा नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

## जुगसलाई में रिंकू सिंह ने सीधा संवाद कर मांगा वोट


**जमशेदपुर :** जुगसलाई नगर परिषद चुनाव में अध्यक्ष पद की प्रत्याशी रिंकू सिंह ने मंगलवार को सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मोहल्लों और बस्तियों में जाकर लोगों से सीधा संवाद किया। जनसंपर्क के दौरान हर वर्ग के लोगों से उन्हें भरपूर आशीर्वाद मिला।रिंकू सिंह ने कहा कि वे राजनीति के लिए नहीं, बल्कि जनसेवा के उद्देश्य से चुनावी मैदान में उतरी हैं। जुगसलाई को उन्होंने अपना घर बताते हुए कहा कि यहां का हर नागरिक उनके परिवार का हिस्सा है। उन्होंने गुरुद्वारा, वीर कुंवर सिंह चौक, स्टेशन रोड, दुबे मोहल्ला, कुमार चौक, दुर्गा बाड़ी, नया बाजार और फिरंगी चौक सहित कई इलाकों का दौरा किया, जहां लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

### त्रेतायुग से जुड़ा है केतुंगाधाम का नाता

# शिवरात्रि पर जलार्पण करने बिहार, बंगाल, ओडिशा और छत्तीसगढ़ से आते हैं श्रद्धालु

संवाददाता

**बानो :** प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध शिव स्थल केतुंगाधाम में आगामी महाशिवरात्रि को लेकर के तैयारियां अंतिम चरण में है। इस अवसर पर भक्त फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि (15-16 फरवरी) पर गंगाजल, दूध, दही, शहद, और बेलपत्र चढ़ाकर भगवान शिव की आराधना एवं अपने मन्नते पूरी करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान भोले बाबा के दरबार को आकर्षक रूप दिया जा रहा है। मंदिरों में साफ सफाई रंग रोपण लाइटिंग आदि का कार्य चल रहा है। इसके पश्चात प्रखंड के विभिन्न मंदिरों में बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर केतुंगाधाम शिव मंदिर में भय मेला का भी आयोजन किया गया है। मालूम हो कि इस बार शिवरात्रि का पावन पर्व 15 फरवरी को धूमधाम से के साथ मनाया जाएगा। और इस वर्ष महाशिवरात्रि महोत्सव को भव्य रूप देने के उद्देश्य से केतुंगा न्यास समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें 14 से 16 फरवरी 2026 तक तीन दिवसीय आयोजन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। महोत्सव की शुरूआत 14 फरवरी को भव्य कलश यात्रा से होगी। सैकड़ों महिलाएं और कन्याएं पारंपरिक वेशभूषा में पवित्र जल लेकर मंदिर परिसर पहुंचेंगी। इसी दिन प्रदोष व्रत अधिवास के साथ क्षेत्रीय मेले का उद्घाटन किया जाएगा। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के मुख्य पर्व पर भोर से ही मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इस दिन अखंड नाम यज्ञ, चतुर्दश लिंग पूजा, काशी विश्वनाथ दर्शन और वैद्यनाथ जयंती सहित चारों प्रहर की विशेष पूजा संपन्न होगी। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। 16 फरवरी को अखंड नाम यज्ञ की पूणार्हूति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा, प्रकाश, सफाई और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की जाएगी। समिति ने प्रशासनिक सहयोग से भीड़ और यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। श्रद्धालुओं और भक्तों के मनोरंजन के लिए झूले और अन्य साधन आकर्षण का केंद्र रहेंगे। न्यास समिति ने क्षेत्रवासियों से महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।
त्रेतायुगीन आस्था का केंद्रः केतुंगा शिवधामः
केतुगांधाम की बात हीं निराली है। यहां जिले के सबसे प्राचीनतम शिवलिंग स्थित हैं। इस शिवधाम की सबसे बडी महिमा है कि यहां महादेव निसंतान माताओं की झोली पुत्ररत्न से भर देते हैं। कहा जाता है कि आज तक इस दरबार से कोई दुखियारी खाली हाथ नहीं लौटी है। कालिंग के रहा अशोक भी यहां शीश नवाए थे। और इसके बाद वे विश्व विजयकर सम्राट बने थे। तब से यहां झारखंड सहित सम्पूर्ण ओडिसा वासियों की विशेष आस्था यहां से जुड़ी है। केतुंगा धाम के विशाल शिवलिंग के बारे में कहा जाता है कि यह शिवलिंग त्रेतायुग का है। ऐसी मान्यता है कि यह शिवलिंग भगवान शिव के पुत्र श्वेतकेतु के द्वारा स्थापित किया गया था। जिसका जिक्र शिव पुराण में मिलता है। कहा जाता है कि भगवान शिव के मानस पुत्र



श्वेतकेतु जब यहां शिवलिंग की स्थापना किए थे। उस वक्त एक गाय हर दिन आकर यहांशिवलिंग पर अपने थन से दूध अर्पित करती थी। जब उसे गाय के मालिक को इसकी जानकारी मिली तो वह गाय को करने के लिए कुल्हाड़ी उठा लिया और इस वक्त भगवान शिव खुद प्रकट होकर गाय के उस मलिक को भस्म कर दिए. जो देवनदी में एक पत्थर बन गया,इस घटना के वक्त जब भगवान शिव यहां प्रकट हुए थे। तब उनके मानस पुत्र श्वेतकेतु ने भगवान शिव को कैलाश छोड़कर यही निवास करने का आग्रह किया था। तब भगवान शिव यहां तीन दिन निवास करने का वचन दिए। मान्यता है कि हरेक शुक्रवार को शाम के समय कैलाश छोड़कर केतुंगा धाम आते हैं, इसके बाद में शनिवार, रविवार और सोमवार यही निवास करते हैं। इसके बाद कैलाश चले जाते हैं। भगवान शिव का साक्षात यहां निवास इस केतुंगा धाम की महता को खास बनाता है। वैसे तो यहां सालों भर भक्तों का तांता लगा रहता है। लेकिन शिवरात्रि और सावन के महीने में यहां झारखंड सहित उड़ीसा और छत्तीसगढ़ से काफी संख्या में भक्ति पहुंचकर भगवान से अपनी मनोकामना पूर्ण करने की प्रार्थना करते हैं। खासकर निसंतान महिलाएं यहां आकर भगवान शिव से अपने सुनी गोद भरने की कामना करती हैं।
500 साल पुराना है, प्रसिद्ध केतुंगाधाम का इतिहासः
इतिहास के मुताबिक इस जगह को मनोकमाना शिवलिंग के नाम से जाना जाता है। श्वेतकेतु नामक राजा के काल में एक किरात के गाय केथन से अनवरत दुध स्वंय निकल कर शिवलिंग में गिरा है। यह देखकर किरात को काफी क्रोध आया और उसने गाय को कुल्हाड़ी से मारना चाहा। तभी भोलेनाथ स्वंय प्रकट हो गए। उनके तीसरे नेत्र के खुलने से वह किरात जल कर भस्म हो गया और उसका शरीर को कीला संगम के बीच में जाकर गिर पड़ा। जिसे आज भी लोग पातकी शिला केनाम से जानते है। वह शिला आज भी नदी केबीच में है। जिसका दर्शन श्रद्धालु अवश्य करते है। बताया जाता है, कि महाशिवरात्रि में को भंडारा का आयोजन किया जाता है।
कैसे पहुँचें केतुंगाधामः
-हवाई मार्गः* निकटतम हवाई अड्डा रांची है, जो केतुंगाधाम से लगभग 155 किमी दूर स्थित है। यहाँ से टैक्सी या बस द्वारा पहुँचा जा सकता है।
-रेल मार्गः निकटतम रेलवे स्टेशन राउरकेला (ओडिशा) है, जो लगभग 135 किमी दूर है। रांची रेलवे स्टेशन से दूरी लगभग 155 किमी है।
-सड़क मार्गः* केतुंगाधाम, सिमडेगा मुख्यालय से लगभग 65 किमी की दूरी पर स्थित है और सड़क मार्ग से आसानी से पहुँचा जा सकता है।

निष्कर्षः केतुंगाधाम केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि यह भारत के प्राचीन इतिहास, बौद्ध दर्शन और शिव-आस्था का दुर्लभ संगम है। आवश्यकता है तो बस दूरदर्शी सोच, ठोस सरकारी पहल और सुनियोजित संरक्षण की-ताकि यह धरोहर आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रह सके और विश्व पटल पर अपनी खोई हुई पहचान पुनः प्राप्त कर सके।